पाँच मेरु सम्बन्धी पाँच भरत, पाँच ऐरावत, देवकुरु तथा उत्तरकुरु ये दोनों छोड़कर पाँच विदेह, इस प्रकार अढ़ाई द्वीप में कुल पन्द्रह कर्मभूमियाँ हैं।

Bharata, Airāvata, and *Videha* excluding *Devakuru* and *Uttarakuru,* are the regions of labour.

नृस्थिती परापरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥३८॥

मनुष्यों की उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त की है।

The maximum and the minimum periods of lifetime of human beings are three *palyas* and *antarmuhūrta*.

तिर्यग्योनिजानां च ॥३९॥

तिर्यंचों की आयु की उत्कृष्ट तथा जघन्य स्थिति उतनी ही (मनुष्यों जितनी) है।

These are the same for the animals.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे तृतीयोऽध्यायः ॥

* * *

अथ चतुर्थोऽध्यायः

The Celestial Beings

देवाश्चतुर्णिकायाः ॥१॥

देव चार समूह वाले हैं, अर्थात् देवों के चार भेद हैं - 1. भवनवासी, 2. व्यन्तर, 3. ज्योतिषी, 4 वैमानिक।

The celestial beings are of four orders (classes).

आदितस्त्रिषु पीतान्तलेश्याः ॥२॥

पहिले के तीन निकायों में पीत तक, अर्थात् कृष्ण, नील, कापोत और पीत - ये चार लेश्याएँ होती हैं।

The colouration of thought of the first three classes is up to yellow.

दशाष्टपञ्चद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः ॥३॥

कल्पोपपन्न (सोलहवें स्वर्ग तक के देव) पर्यन्त इन चार प्रकार के देवों के क्रम से दश, आठ, पाँच और बारह भेद हैं।

They are of ten, eight, five and twelve classes up to the Heavenly beings *(kalpavāsis)*.

इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशपारिषदात्मरक्षलोकपालानीक-प्रकीर्णकाभियोग्यकिल्विषिकाश्चैकशः ॥४॥

ऊपर कहे हुए चार प्रकार के देवों में हर एक के दश भेद हैं:- 1. इन्द्र, 2. सामानिक, 3. त्रायस्त्रिंश, 4. पारिषद्, 5. आत्मरक्ष, 6. लोकपाल, 7. अनीक, 8. प्रकीर्णक, 9. आभियोग्य और 10. किल्विषिक।

There are ten grades in each of these classes of celestial beings, the Lord *(Indra)*, his Equal, the Minister, the courtiers, the bodyguards, the police, the army, the citizens, the servants, and the menials.

त्रायस्त्रिंशलोकपालवर्ज्या व्यन्तरज्योतिष्काः ॥५॥

ऊपर जो दश भेद कहे हैं उनमें से त्रायस्त्रिंश और लोकपाल - ये भेद व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में नहीं होते अर्थात् उनमें दो भेदों को छोड़कर बाकी के आठ भेद होते हैं।

The Peripatetic and the Stellar devas are without the ministers and the police.

पूर्वयोर्द्वीन्द्राः ॥६॥

भवनवासी और व्यन्तरों में प्रत्येक भेद में दो-दो इन्द्र होते हैं।

In the first two orders there are two lords.

कायप्रवीचारा आ ऐशानात् ॥७॥

ईशान स्वर्ग तक के देव (अर्थात् भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और पहिले तथा दूसरे स्वर्ग के देव) मनुष्यों की भाँति शरीर से काम-सेवन करते हैं।

Up to *Aişāna Kalpa* they enjoy copulation.

शेषाः स्पर्शरूपशब्दमनःप्रवीचाराः ॥८॥

शेष स्वर्ग के देव, देवियों के स्पर्श से, रूप देखने से, शब्द सुनने से और मन के विचारों से काम-सेवन करते हैं।

The others derive pleasure by touch, sight, sound and thought.

परेऽप्रवीचाराः ॥९॥

सोलहवें स्वर्ग से आगे के देव काम-सेवन रहित हैं। (उनके कामेच्छा उत्पन्न ही नहीं होती तो फिर उसके प्रतिकार से क्या प्रयोजन?)

The rest are without sexual desire.

भवनवासिनोऽसुरनागविद्युत्सुपर्णाग्निवातस्तनितोदधि-द्वीपदिक्कुमाराः ॥१०॥

भवनवासी देवों के दश भेद हैं:- 1. असुरकुमार,
2. नागकुमार, 3. विद्युत्कुमार, 4. सुपर्णकुमार,
5. अग्निकुमार, 6. वातकुमार, 7. स्तनितकुमार,
8. उदधिकुमार, 9. द्वीपकुमार और 10. दिक्कुमार।

The Residential devas comprise *Asura, Nāga, Vidyut, Suparṇa, Agni, Vāta, Stanita, Udadhi, Dvīpa* and *Dikkumāras*.

व्यन्तराः किन्नरकिम्पुरुषमहोरगगन्धर्वयक्षराक्षसभूत-पिशाचाः ॥११॥

व्यन्तर देवों के आठ भेद हैं- 1. किन्नर, 2. किम्पुरुष, 3. महोरग, 4. गन्धर्व, 5. यक्ष, 6. राक्षस, 7. भूत और 8. पिशाच।

The Peripatetic devas comprise *Kinnara, Kimpuruşa, Mahoraga, Gandharva, Yakşa, Rākşasa, Bhūta,* and *Pişāca* classes.

ज्योतिष्काः सूर्याचन्द्रमसौ ग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च ॥१२॥

ज्योतिषी देवों के पाँच भेद हैं- 1. सूर्य, 2. चन्द्रमा, 3. ग्रह, 4. नक्षत्र और 5. प्रकीर्णक तारे।

The Stellar (luminary) devas comprise the sun, the moon, the planets, the constellations, and the scattered stars.

मेरुप्रदक्षिणा नित्यगतयो नृलोके ॥१३॥

ऊपर कहे हुए ज्योतिषी देव मेरु पर्वत की प्रदक्षिणा देते हुए मनुष्यलोक में हमेशा गमन करते हैं।

In the human region they are characterized by incessant motion around *Meru*.

तत्कृतः कालविभागः ॥१४॥

घड़ी, घंटा, दिवस, रात इत्यादि व्यवहारकाल का जो विभाग है, वह गतिशील ज्योतिषी देवों के द्वारा किया जाता है।

The divisions of time are caused by these.

बहिरवस्थिताः ॥१५॥

मनुष्यलोक (अढ़ाई द्वीप) के बाहर के ज्योतिषी देव स्थिर हैं।

They are stationary outside.

वैमानिकाः ॥१६॥

अब वैमानिक देवों का वर्णन प्रारम्भ करते हैं।

The Heavenly beings *(Vaimānikāh)*.

कल्पोपपन्नाः कल्पातीताश्च ॥१७॥

वैमानिक देवों के दो भेद हैं - 1. कल्पोपपन्न और
2. कल्पातीत।

Those born in the kalpas[1] and beyond the kalpas.

उपर्युपरि ॥१८॥

सोलह स्वर्ग के आठ युगल, नव ग्रैवेयक, नव अनुदिश और पाँच अनुत्तर, ये सब विमान क्रम से ऊपर-ऊपर हैं।

One above the other.

सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मब्रह्मोत्तर-लान्तवकापिष्ठशुक्रमहाशुक्रशतारसहस्त्रारेष्वानत-प्राणतयोरारणाच्युतयोर्नवसु ग्रैवेयकेषु विजयवैजयन्तजयन्तापराजितेषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥१९॥

सौधर्म-ईशान, सानत्कुमार-माहेन्द्र, ब्रह्म-बह्मोत्तर, लान्तव-कापिष्ठ, शुक्र-महाशुक्र, शतार-सहस्त्रार इन छह युगलों के बारह स्वर्गों में, आनत-प्राणत इन दो स्वर्गों में, आरण-अच्युत इन दो स्वर्गों में, नव ग्रैवेयक विमानों में, नव अनुदिश विमानों में और विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित तथा सर्वार्थसिद्धि इन पाँच अनुत्तर विमानों में वैमानिक देव रहते हैं।

---

[1] The kalpas are the habitations of devas from *Saudharma* prior to *Graiveyakas*. Refer to sutra 19 and 23.

In *Saudharma, Aişāna, Sānatkumāra, Māhendra, Brahma, Brahmottara, Lāntava, Kāpiştha, Şukra, Mahāşukra, Şatāra, Sahasrāra,* in *Ānata, Prāṇata, Āraṇa, Acyuta,* in *Navagraiveyakas,* in *Vijaya, Vaijayanta, Jayanta, Aparājita* and in *Sarvārthasiddhi* also.

स्थितिप्रभावसुखद्युतिलेश्याविशुद्धीन्द्रियावधि-विषयतोऽधिकाः ॥२०॥

आयु, प्रभाव, सुख, द्युति, लेश्या की विशुद्धि, इन्द्रियों का विषय और अवधिज्ञान का विषय - ये सब ऊपर-ऊपर के विमानों में (वैमानिक देवों के) अधिक हैं।

There is increase with regard to the lifetime, power, happiness, brilliance, purity in thought-colouration, capacity of the senses, and range of clairvoyance.

गतिशरीरपरिग्रहाभिमानतो हीनाः ॥२१॥

गति, शरीर, परिग्रह और अभिमान की अपेक्षा से ऊपर-ऊपर के वैमानिक देव हीन-हीन होते हैं।

(But) there is decrease with regard to motion, stature, attachment, and pride.

पीतपद्मशुक्ललेश्या द्वित्रिशेषेषु ॥२२॥

दो युगलों में पीत, तीन युगलों में पद्म और बाकी के सब विमानों में शुक्ल-लेश्या होती है।

In two, three and the rest (they are of) yellow, rose (pink) and white thought-complexions.

प्राग्ग्रैवेयकेभ्यः कल्पाः ॥२३॥

ग्रैवेयकों से पहिले के सोलह स्वर्गों को कल्प कहते हैं। उनसे आगे के विमान कल्पातीत हैं।

Prior to *Graiveyakas* are the kalpas.

ब्रह्मलोकालया लौकान्तिकाः ॥२४॥

जिनका निवास स्थान पाँचवां स्वर्ग (ब्रह्मलोक) है, उन्हें लौकान्तिक देव कहते हैं।

Brahmaloka is the abode of *Laukāntikas*.

सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च ॥२५॥

लौकान्तिक देवों के आठ भेद हैं:- 1. सारस्वत, 2. आदित्य, 3. वह्नि, 4. अरुण, 5. गर्दतोय, 6. तुषित, 7. अव्याबाध और 8. अरिष्ट - ये देव ब्रह्मलोक की ईशान इत्यादि आठ दिशाओं में रहते हैं।

They are *Sārasvata, Āditya, Vahni, Aruṇa, Gardatoya, Tuşita, Avyābādha* and *Arişta* (groups).

विजयादिषु द्विचरमाः ॥२६॥

विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और अनुदिश विमानों के अहमिन्द्र द्विचरमा होते हैं अर्थात् मनुष्य के दो जन्म (भव) धारण करके अवश्य ही मोक्ष जाते हैं (ये सभी जीव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं)।

In *Vijaya* and the others the devas are of two final births.

औपपादिकमनुष्येभ्यः शेषास्तिर्यग्योनयः ॥२७॥

उपपाद जन्म वाले (देव तथा नारकी) और मनुष्यों के अतिरिक्त बाकी बचे हुए तिर्यञ्च योनि वाले ही हैं।

The beings other than celestial, infernal and human beings are animals.

स्थितिरसुरनागसुपर्णद्वीपशेषाणां सागरोपमत्रिपल्योपमार्द्धहीनमिताः ॥२८॥

भवनवासी देवों में असुरकुमार, नागकुमार, सुपर्णकुमार, द्वीपकुमार और बाकी के कुमारों की आयु क्रम से एक सागर, तीन पल्य, अढ़ाई पल्य, दो पल्य और डेढ़ पल्य है।

The lifetime of *Asura, Nāga, Suparṇa,* and *Dvīpa kumāras* and the rest of the Residential devas is one *sāgaropama,* three *palyas,* two and a half *palyas,* two *palyas,* and one and a half *palyas.*

सौधर्मैशानयोः सागरोपमे अधिके ॥२९॥

सौधर्म और ईशान स्वर्ग के देवों की आयु दो सागर से कुछ अधिक है।

In *Saudharma* and *Aişāna Kalpas* the maximum lifetime is a little over two *sāgaropamas.*

सानत्कुमारमाहेन्द्रयोः सप्त ॥३०॥

सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग के देवों की आयु सात सागर से कुछ अधिक है।

In *Sānatkumāra* and *Māhendra* seven.

त्रिसप्तनवैकादशत्रयोदशपञ्चदशभिरधिकानि तु ॥३१॥

पूर्व सूत्र में कहे हुए युगलों की आयु (सात सागर) से क्रमपूर्वक, तीन, सात, नव, ग्यारह, तेरह और पन्द्रह सागर अधिक आयु (उसके बाद के स्वर्गों में) है।

But more by three, seven, nine, eleven, thirteen and fifteen.

आरणाच्युतादूर्ध्वमेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥३२॥

आरण और अच्युत स्वर्ग से ऊपर के नव ग्रैवेयकों में, नव अनुदिशों में, विजय इत्यादि विमानों में और सर्वार्थसिद्धि विमानों में देवों की आयु एक एक सागर अधिक है।

Above *Āraṇa* and *Acyuta,* in *Navagraiveyakas, Vijaya,* etc. and *Sarvārthasiddhi,* it is more and more by one *sāgara*.

अपरा पल्योपममधिकम् ॥३३॥

सौधर्म और ईशान स्वर्ग में जघन्य आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

The minimum is a little over one *palyopama*.

परतः परतः पूर्वापूर्वाऽनन्तराः ॥३४॥

जो पहिले-पहिले के युगलों की उत्कृष्ट आयु है वह पीछे-पीछे के युगलों की जघन्य आयु होती है।

The maximum of the immediately preceding is the minimum of the next one (kalpa).

नारकाणां च द्वितीयादिषु ॥३५॥

दूसरे इत्यादि नरक के नारकियों की जघन्य आयु भी देवों की जघन्य आयु के समान है - अर्थात् जो पहिले नरक की उत्कृष्ट आयु है वही दूसरे नरक की जघन्य आयु है। इस प्रकार आगे के नरकों में भी जघन्य आयु जानना चाहिये।

The same with regard to infernal beings from the second infernal region onwards.

दशवर्षसहस्त्राणि प्रथमायाम् ॥३६॥

पहिले नरक के नारकियों की जघन्य आयु दस हजार वर्ष की है। (नारकियों की उत्कृष्ट आयु का वर्णन तीसरे अध्याय के छठवें सूत्र में किया है।)

Ten thousand years in the first.

भवनेषु च ॥३७॥

भवनवासी देवों की जघन्य आयु दस हजार वर्ष की है।

In the Residential regions also.

व्यन्तराणां च ॥३८॥

व्यन्तर देवों की भी जघन्य आयु दस हजार वर्ष की है।

Of the Peripatetic also.

परा पल्योपममधिकम् ॥३९॥

व्यन्तर देवों की उत्कृष्ट आयु एक पल्योपम से कुछ अधिक है।

The maximum is a little over one *palyopama*.

ज्योतिष्काणां च ।।४०।।

ज्योतिषी देवों की भी उत्कृष्ट आयु एक पल्योपम से कुछ अधिक है।

Of the Stellar devas[2] also.

तदष्टभागोऽपरा ।।४१।।

ज्योतिषी देवों की जघन्य आयु एक पल्योपम के आठवें भाग है।

The minimum is one-eighth of it.

लौकान्तिकानामष्टौ सागरोपमाणि सर्वेषाम् ।।४२।।

समस्त लौकान्तिक देवों की उत्कृष्ट तथा जघन्य आयु आठ सागर की है।

Eight *sāgaropamas* for all *Laukāntikas*.

।। इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे चतुर्थोऽध्यायः ।।

* * *

[2] The Stellar celestials include the planets also. Refer to sutra 12.

अथ पञ्चमोऽध्यायः

The Category of the Non-Living

अजीवकाया धर्माधर्माकाशपुद्गलाः ॥१॥

[धर्माधर्माकाशपुद्गलाः] धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, आकाश और पुद्गल ये चार **[अजीवकायाः]** अजीव तथा बहु प्रदेशी हैं।

The non-soul substances (bodies) are the medium of motion, the medium of rest, space and matter.

द्रव्याणि ॥२॥

ये चार पदार्थ **[द्रव्याणि]** द्रव्य हैं।

These (four) are substances *(dravyas)*.

जीवाश्च ॥३॥

[जीवाः] जीव **[च]** भी द्रव्य है।

The souls also (are substances).

नित्यावस्थितान्यरूपाणि ।।४।।

ऊपर कहे गये द्रव्यों में से चार द्रव्य **[अरूपाणि]** रूप रहित **[नित्यावस्थितानि]** नित्य और अवस्थित हैं।

(The substances are) eternal, fixed in number and colourless (non-material).

रूपिणः पुद्‌गलाः ।।५।।

[पुद्‌गलाः] पुद्‌गल द्रव्य **[रूपिणः]** रूपी अर्थात् मूर्तिक हैं।

Things which have form constitute matter *(pudgalas)*.

आ आकाशादेकद्रव्याणि ।।६।।

[आ आकाशात्] आकाश पर्यन्त **[एकद्रव्याणि]** एक एक द्रव्य हैं अर्थात् धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य और आकाश द्रव्य एक एक हैं।

The substances (mentioned in the first sutra) up to space are indivisible wholes (i.e. each is one single continuum).

निष्क्रियाणि च ॥७॥

[च] और फिर यह धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य और आकाश द्रव्य **[निष्क्रियाणि]** क्रिया रहित हैं अर्थात् ये एक स्थान से दूसरे स्थान को प्राप्त नहीं होते।

These three (the medium of motion, the medium of rest, and space) are also without activity (movement).

असंख्येयाः प्रदेशाः धर्माधर्मैकजीवानाम् ॥८॥

[धर्माधर्मैकजीवानाम्] धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य और एक जीव द्रव्य के **[असंख्येयाः]** असंख्यात **[प्रदेशाः]** प्रदेश हैं।

There are innumerable points of space in the medium of motion, the medium of rest, and in each individual soul.

आकाशस्यानन्ताः ॥९॥

[आकाशस्य] आकाश के **[अनन्ताः]** अनन्त प्रदेश हैं।

The units of space are infinite.

संख्येयासंख्येयाश्च पुद्‌गलानाम् ॥१०॥

[पुद्‌गलानाम्] पुद्‌गलों के **[संख्येयासंख्येयाः च]** संख्यात, असंख्यात और अनन्त प्रदेश हैं।

(The space-points) of forms of matter are numerable and innumerable also.

नाणोः ॥११॥

[अणोः] पुद्‌गल परमाणु के **[न]** दो इत्यादि प्रदेश नहीं हैं अर्थात् एक प्रदेशी है।

(There are) no space-points for the atom (indivisible unit of matter).

लोकाकाशेऽवगाहः ॥१२॥

[अवगाहः] उपरोक्त समस्त द्रव्यों का अवगाह (स्थान) **[लोकाकाशे]** लोकाकाश में है।

(These substances – the media of motion and rest, the souls and the forms of matter) are located in the space of the universe.

धर्माधर्मयोः कृत्स्ने ॥१३॥

[धर्माधर्मयोः] धर्म और अधर्म द्रव्य का अवगाह **[कृत्स्ने]** तिल में तेल की तरह समस्त लोकाकाश में है।

The media of motion and rest pervade the entire universe-space.

एकप्रदेशादिषु भाज्यः पुद्गलानाम् ॥१४॥

[पुद्गलानाम्] पुद्गल द्रव्य का अवगाह **[एक प्रदेशादिषु]** लोकाकाश के एक प्रदेश से लेकर संख्यात और असंख्यात प्रदेश पर्यन्त **[भाज्यः]** विभाग करने योग्य है - जानने योग्य है।

The forms of matter occupy (inhabit) from one unit of space onwards.

असंख्येयभागादिषु जीवानाम् ॥१५॥

[जीवानाम्] जीवों का अवगाह **[असंख्येयभागादिषु]** लोकाकाश के असंख्यात भाग से लेकर संपूर्ण लोक क्षेत्र में है।

The souls inhabit from one of innumerable parts of the universe-space.

प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां प्रदीपवत् ॥१६॥

[प्रदीपवत्] दीप के प्रकाश की भांति
[प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां] प्रदेशों के संकोच और विस्तार के द्वारा जीव लोकाकाश के असंख्यातादिक भागों में रहता है।

(It is possible) by the contraction and expansion of the space-points (of a soul) as in the case of the light of a lamp.

गतिस्थित्युपग्रहौ धर्माधर्मयोरुपकारः ॥१७॥

[गतिस्थित्युपग्रहौ] स्वयमेव गमन तथा स्थिति को प्राप्त हुए जीव और पुद्गलों के गमन तथा ठहरने में जो सहायक है सो **[धर्माधर्मयोः उपकारः]** क्रम से धर्म और अधर्म द्रव्य का उपकार है।

The functions of the media of motion and rest are to assist motion and rest respectively.

आकाशस्यावगाहः ॥१८॥

[अवगाहः] समस्त द्रव्यों को अवकाश-स्थान देना यह
[आकाशस्य] आकाश का उपकार है।

(The function) of space (is to) provide accommodation.

शरीरवाङ्मनःप्राणापानाः पुद्गलानाम् ॥१९॥

[शरीवाङ्मनः प्राणापानाः] शरीर, वचन, मन तथा श्वासोच्छ्वास ये **[पुद्गलानाम्]** पुद्गल द्रव्य के उपकार हैं अर्थात् शरीरादि की रचना पुद्गल से ही होती है।

(The function) of matter (is to form the basis) of the body and the organs of speech and mind and respiration.

सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च ॥२०॥

[सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च] इन्द्रियजन्य सुख-दुःख, जीवन-मरण ये भी पुद्गल के उपकार हैं।

(The function of matter is) also to contribute to pleasure, suffering, life and death of living beings.

परस्परोपग्रहो जीवानाम् ॥२१॥

[जीवानाम्] जीवों के **[परस्परोपग्रहः]** परस्पर में उपकार हैं।

(The function) of souls is to help one another.

वर्तनापरिणामक्रियाः परत्वापरत्वे च कालस्य ॥२२॥

[वर्तनापरिणामक्रियाः परत्वापरत्वे च] वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व और अपरत्व **[कालस्य]** काल द्रव्य के उपकार हैं।

Assisting substances in their continuity of being (through gradual changes), in their modifications, in their movements and in their priority and non-priority in time, are the functions of time.

स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः ॥२३॥

[स्पर्श रस गन्ध वर्णवन्तः] स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण वाले **[पुद्गलाः]** पुद्गल द्रव्य हैं।

The forms of matter are characterized by touch, taste, smell and colour.

शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायाऽऽतपोद्योत-वन्तश्च ॥२४॥

उक्त लक्षणवाले पुद्गल **[शब्द बन्ध सौक्ष्म्य स्थौल्य संस्थान भेद तमश्छायाऽऽतपोद्योतवन्तः च]** शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान (आकार), भेद, अन्धकार, छाया, आतप और उद्योतादि वाले होते हैं, अर्थात् ये भी पुद्गल की पर्यायें हैं।

Sound, union, fineness, grossness, shape, division, darkness, image, warm light (sunshine), and cool light (moonlight) also (are forms of matter).

अणवः स्कन्धाश्च ॥२५॥

पुद्गल द्रव्य **[अणवः स्कन्धाः च]** अणु और स्कन्ध के भेद से दो प्रकार के हैं।

Atoms and molecules (are the two main divisions of matter).

भेदसङ्घातेभ्य उत्पद्यन्ते ॥२६॥

परमाणुओं के **[भेदसङ्घातेभ्य]** भेद (अलग होने से) सङ्घात (मिलने से) अथवा भेद सङ्घात दोनों से **[उत्पद्यन्ते]** पुद्गल स्कन्धों की उत्पत्ति होती है।

(Moleules) are formed by division (fission), union (fusion), and division-cum-union.

भेदादणुः ॥२७॥

[अणुः] अणु की उत्पत्ति **[भेदात्]** भेद से होती है।

The atom (is produced only) by division (fission).

भेदसङ्घाताभ्यां चाक्षुषः ॥२८॥

[चाक्षुषः] चक्षु इन्द्रिय से देखने योग्य स्कन्ध **[भेदसङ्घाताभ्याम्]** भेद और सङ्घात दोनों के एकत्र रूप होने से उत्पन्न होता है, अकेले भेद से नहीं।

(Molecules produced) by the combined action of division (fission) and union (fusion) can be perceived by the eyes.

सत् द्रव्यलक्षणम् ॥२९॥

[द्रव्यलक्षणम्] द्रव्य का लक्षण **[सत्]** सत् (अस्तित्व) है।

Existence (being or *sat*) is the differentia of a substance.

उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥३०॥

[उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं] जो उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य सहित हो **[सत्]** सो सत् है।

Existence is characterized by origination, disappearance (destruction) and permanence.

तद्भावाव्ययं नित्यम् ॥३१॥

[तद्भावाव्ययं] तद्भाव से जो अव्यय है - नाश नहीं होता सो **[नित्यम्]** नित्य है।

Permanence is indestructibility of the essential nature (quality) of the substance[1].

अर्पितानर्पितसिद्धेः ॥३२॥

[अर्पितानर्पितसिद्धेः] प्रधानता और गौणता से पदार्थों की सिद्धि होती है।

(The contradictory characteristics are established) from different points of view.

स्निग्धरूक्षत्वाद्बन्धः ॥३३॥

[स्निग्धरूक्षत्वात्] चिकने और रूखे के कारण **[बन्धः]** दो, तीन इत्यादि परमाणुओं का बन्ध होता है।

Combination of atoms takes place by virtue of greasy (sticky) and dry (rough) properties associated with them.

---

[1] Permanence is the existence of the past nature in the present.

न जघन्यगुणानाम् ॥३४॥

[जघन्यगुणानाम्] जघन्य गुण सहित परमाणुओं का **[न]** बन्ध नहीं होता।

(There is) no combination between the lowest degrees of the two properties.

गुणसाम्ये सदृशानाम् ॥३५॥

[गुणसाम्ये] गुणों की समानता हो तब **[सदृशनाम्]** समान जाति वाले परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता। जैसे कि - दो गुण वाले स्निग्ध परमाणु का दूसरे दो गुण वाले स्निग्ध परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता अथवा जैसे स्निग्ध परमाणु का उतने ही गुण वाले रूक्ष परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता। न - (बन्ध नहीं होता) यह शब्द इस सूत्र में नहीं कहा परन्तु ऊपर के सूत्र में कहा गया 'न' शब्द इस सूत्र में भी लागू होता है।

(There is no combination) between equal degrees of the same property.

द्व्यधिकादिगुणानां तु ॥३६॥

[द्व्यधिकादिगुणानां तु] दो अधिक गुण हों इस तरह के गुण वाले के साथ ही बन्ध होता है।

But (there is combination) between degrees different by two units.

बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च ॥३७॥

[च] और **[बन्धे]** बन्धरूप अवस्था में **[अधिकौ]** अधिक गुण वाले के परमाणुओं जितने गुण रूप में **[पारिणामिकौ]** (कम गुण वाले परमाणुओं का) परिणमन होता है। (यह कथन निमित्त का है।)

In the process of combination the higher degrees transform the lower ones.

गुणपर्ययवत् द्रव्यम् ॥३८॥

[गुणपर्ययवत्] गुण-पर्याय वाला **[द्रव्यम्]** द्रव्य है।

That which has qualities and modes is a substance.

कालश्च ॥३९॥

[कालः] काल **[च]** भी द्रव्य है।

Time also (is a substance).

सोऽनन्तसमयः ॥४०॥

[सः] वह काल द्रव्य **[अनन्त समयः]** अनन्त समय वाला है। काल की पर्याय यह समय है। यद्यपि वर्तमानकाल एक समयमात्र ही है तथापि भूत-भविष्य की अपेक्षा से उसके अनन्त समय हैं।

It (conventional time) consists of infinite instants.

द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः ॥४१॥

[द्रव्याश्रया] जो द्रव्य के आश्रय से हों और **[निर्गुणा]** स्वयं दूसरे गुणों से रहित हों **[गुणाः]** वे गुण हैं।

Those, which have substance as their substratum and which are not themselves the substratum of other attributes, are qualities.

तद्भावः परिणामः ॥४२॥

[तद्भावः] जो द्रव्य का स्वभाव (निजभाव, निजतत्त्व) है **[परिणामः]** सो परिणाम है।

The condition (change) of a substance is a mode.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे पञ्चमोऽध्यायः ॥

** * **

अथ षष्ठोऽध्यायः

Influx of Karma

कायवाङ्मनःकर्म योगः ॥१॥

[**कायवाङ्मनः कर्म**] शरीर, वचन और मन के अवलम्बन से आत्मा के प्रदेशों का संकल्प होना सो [**योगः**] योग है।

The action of the body, the organ of speech and the mind is called *yoga* (activity).

स आस्रवः ॥२॥

[**सः**] वह योग [**आस्रवः**] आस्रव है।

It (this threefold activity) is influx *(āsrava)*.

शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य ॥३॥

[**शुभः**] शुभ योग [**पुण्यस्य**] पुण्य कर्म के आस्रव में कारण है और [**अशुभः**] अशुभ योग [**पापस्य**] पाप कर्म के आस्रव में कारण है।

Virtuous activity is the cause of merit *(puṇya)* and wicked activity is the cause of demerit *(pāpa)*.

सकषायाकषाययोः साम्परायिकेर्यापथयोः ॥४॥

[सकषायस्य साम्परायिकस्य] कषायसहित जीव के संसार के कारणरूप कर्म का आस्रव होता है और **[अकषायस्य ईर्यापथस्य]** कषायरहित जीव के स्थितिरहित कर्म का आस्रव होता है।

(There are two kinds of influx, namely) that of persons with passions, which extends transmigration, and that of persons free from passions, which prevents or shortens it.

इन्द्रियकषायाव्रतक्रियाः पञ्चचतुःपञ्चपञ्चविंशतिसंख्याः पूर्वस्य भेदाः ॥५॥

[इन्द्रियाणि पञ्च] स्पर्शन आदि पाँच इन्द्रियाँ, **[कषायाः चतुः]** क्रोधादि चार कषाय, **[अव्रतानि पञ्च]** हिंसा इत्यादि पाँच अव्रत और **[क्रियाः पञ्चविंशति]** सम्यक्त्व आदि पच्चीस प्रकार की क्रियायें **[संख्याः भेदाः]** इस प्रकार कुल 39 भेद **[पूर्वस्य]** पहले (साम्परायिक) आस्रव के हैं, अर्थात् इन सर्व भेदों के द्वारा साम्परायिक आस्रव होता है।

The subdivisions of the former are the five senses, the four passions, non-observance of the five vows and twenty-five activities.[1]

तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेषः ॥६॥

[तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरण-वीर्य-विशेषेभ्यः] तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, अधिकरणविशेष और वीर्यविशेष से **[तद्विशेषः]** आस्रव में विशेषता-हीनाधिकता होती है।

Influx is differentiated on the basis of intensity or feebleness of thought-activity, intentional or unintentional nature of action, the substratum and its peculiar potency.

अधिकरणं जीवाजीवाः ॥७॥

[अधिकरणं] अधिकरण **[जीवाजीवाः]** जीवद्रव्य और अजीवद्रव्य ऐसे दो भेदरूप है; इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि आत्मा में जो कर्मास्रव होता है उसमें दो प्रकार का निमित्त होता है; एक जीव निमित्त और दूसरा अजीव निमित्त।

[1] A literal meaning of the text would read as follows: 'The subdivisions of the former are senses, the passions, the non-observance of the vows and the activities, which are of five, four, five and twenty-five kinds respectively.'

The living and the non-living constitute the substrata.

आद्यं संरम्भसमारम्भारम्भयोगकृतकारितानुमतकषाय-विशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकशः ॥८॥

[आद्यं] पहला अर्थात् जीव अधिकरण-आस्त्रव **[संरम्भसमारम्भारम्भयोग, कृतकारितानुमतकषायविशेषैः च]** संरम्भ-समारम्भ-आरम्भ, मन-वचन-कायरूप तीन योग, कृत-कारित-अनुमोदना तथा क्रोधादि चार कषायों की विशेषता से **[त्रिः त्रिः त्रिः चतुः]** 3 × 3 ×3 ×4 **[एकशः]** 108 भेदरूप है।

The substratum of the living is of 108 kinds.[2]

निर्वर्तनानिक्षेपसंयोगनिसर्गा द्विचतुर्द्वित्रिभेदाः परम् ॥९॥

[परम्] दूसरा अजीवाधिकरण आस्त्रव **[निर्वर्तना द्वि]** दो प्रकार की निर्वर्तना, **[निक्षेप चतुः]** चार प्रकार के निक्षेप **[संयोग द्वि]** दो प्रकार के संयोग और **[निसर्गा त्रिभेदाः]** तीन प्रकार के निसर्ग ऐसे कुल 11 भेदरूप है।

[2] *Literal version.* The substratum of the living is planning to commit violence, preparation for it, and commencement of it, by activity, doing, causing it done, and approval of it, and issuing from the passions, which are three, three, three, and four respectively.

Production, placing, combining and urging are the substratum of the non-living.

तत्प्रदोषनिह्नवमात्सर्यान्तरायासादनोपघाता ज्ञानदर्शनावरणयोः ॥१०॥

[तत्प्रदोष निह्नव मात्सर्यान्तरायासादनोपघाताः] ज्ञान और दर्शन के सम्बन्ध में करने में आये हुये प्रदोष, निह्नव, मात्सर्य, अन्तराय, आसादन और उपघात ये **[ज्ञानदर्शनावरणयोः]** ज्ञानावरण तथा दर्शनावरण कर्मास्रव के कारण हैं।

Spite against knowledge, concealment of knowledge, non-imparting of knowledge out of envy, causing impediment to acquisition of knowledge, disregard of knowledge, and disparagement of true knowledge, lead to the influx of karmas which obscure knowledge and perception.

दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनान्यात्मपरोभय-स्थानान्यसद्वेद्यस्य ॥११॥

[आत्मपरोभयस्थानानि] अपने में, पर में और दोनों के विषय में स्थित **[दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनानि]** दुःख, शोक, ताप, आक्रन्दन, वध और परिदेवन ये **[असद्वेद्यस्य]** असातावेदनीय कर्म के आस्रव के कारण हैं।

Suffering, sorrow, agony, moaning, injury, and lamentation, in oneself, in others, or in both, lead to the influx of karmas which cause unpleasant feeling.

भूतव्रत्यनुकम्पादानसरागसंयमादियोगः क्षान्तिः शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥१२॥

[भूतव्रत्यनुकम्पा] प्राणियों के प्रति और व्रतधारियों के प्रति अनुकम्पा-दया, **[दानसरागसंयमादियोगः]** दान, सराग संयमादि के योग, **[क्षान्तिः शौचमिति]** क्षमा और शौच, अर्हन्त भक्ति इत्यादि **[सद्वेद्यस्य]** सातावेदनीय कर्म के आस्रव के कारण हैं।

Compassion towards living beings in general and the devout in particular, charity, asceticism with attachment etc. (i.e. restraint-cum-non-restraint, involuntary dissociation of karmas without effort, austerities not based on right knowledge), contemplation, equanimity, freedom from greed – these lead to the influx of karmas that cause pleasant feeling.

केवलिश्रुतसंघधर्मदेवावर्णवादो दर्शनमोहस्य ॥१३॥

[केवलिश्रुतसंघधर्मदेवावर्णवादः] केवली, श्रुत, संघ, धर्म और देव का अवर्णवाद करना सो **[दर्शनमोहस्य]** दर्शनमोहनीय कर्म के आस्रव का कारण है।

Attributing faults to the omniscient, the scriptures, the congregation of ascetics, the true religion, and the celestial beings, leads to the influx of faith-deluding karmas.

कषायोदयात्तीव्रपरिणामश्चारित्रमोहस्य ॥१४॥

[कषायोदयात्] कषाय के उदय से **[तीव्रपरिणामः]** तीव्र परिणाम होना सो **[चारित्रमोहस्य]** चारित्र मोहनीय के आस्रव का कारण है।

Intense feelings induced by the rise of the passions cause the influx of the conduct-deluding karmas.

बह्वारम्भपरिग्रहत्वं नारकस्यायुषः ॥१५॥

[बह्वारम्भपरिग्रहत्वं] बहुत आरम्भ और बहुत परिग्रह होना सो **[नारकस्यायुषः]** नरकायु के आस्रव का कारण है।

Excessive infliction of pain, and attachment cause the influx of karma which leads to life in the infernal regions.

माया तैर्यग्योनस्य ॥१६॥

[माया] माया-छलकपट **[तैर्यग्योनस्य]** तिर्यंचायु के आस्त्रव का कारण है।

Deceitfulness causes the influx of life-karma leading to the animal and vegetable world.

अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य ॥१७॥

[अल्पारम्भपरिग्रहत्वं] थोड़ा आरम्भ और थोड़ा परिग्रहपन **[मानुषस्य]** मनुष्य-आयु के आस्त्रव का कारण हैं।

Slight injury and slight attachment cause the influx of life-karma that leads to human life.

स्वभावमार्दवं च ॥१८॥

[स्वभावमार्दवं] स्वभाव से ही सरल परिणाम होना **[च]** भी मनुष्यायु के आस्त्रव का कारण है।

Natural mildness also (leads to the same influx).

निश्शीलव्रतत्वं च सर्वेषाम् ॥१९॥

[निःशीलव्रतत्वं च] शील और व्रत का जो अभाव है वह भी **[सर्वेषाम्]** सभी प्रकार की आयु के आस्रव का कारण है।

Non-observance of the supplementary vows, vows, etc. causes the influx of life-karmas leading to birth among all the four kinds of beings (conditions of existence).

सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य ॥२०॥

[सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि] सरागसंयम, संयमासंयम, अकामनिर्जरा और बालतप **[दैवस्य]** ये देवायु के आस्रव के कारण हैं।

Restraint with attachment, restraint-cum-non-restraint, involuntary dissociation of karmas, and austerities accompanied by perverted faith, cause the influx of life-karma leading to celestial birth.

सम्यक्त्वं च ॥२१॥

[सम्यक्त्वं च] सम्यग्दर्शन भी देवायु के आस्रव का कारण है अर्थात् सम्यग्दर्शन के साथ रहा हुआ जो राग है वह भी देवायु के आस्रव का कारण है।

Right belief also (is the cause of influx of life-karma leading to celestial birth).

योगवक्रता विसंवादनं चाशुभस्य नाम्नः ॥२२॥

[योगवक्रता] योग में कुटिलता **[विसंवादनं च]** और विसंवादन अर्थात् अन्यथा प्रवर्तन **[अशुभस्य नाम्नः]** अशुभ नामकर्म के आस्रव का कारण हैं।

Crooked activities and deception cause the influx of inauspicious physique-making karmas.

तद्विपरीतं शुभस्य ॥२३॥

[तद्विपरीतं] उससे अर्थात् अशुभ नामकर्म के आस्रव के जो कारण कहे उनसे विपरीत भाव **[शुभस्य]** शुभ नामकर्म के आस्रव का कारण हैं।

The opposites of these (namely straightforward activity, and honesty or candour) cause the influx of auspicious physique-making karmas.

दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता शीलव्रतेष्वनतीचारो-ऽभीक्ष्णज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्त्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचन-भक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्गप्रभावना प्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य ॥२४॥

[**दर्शनविशुद्धिः**] 1- दर्शनविशुद्धि, [**विनयसम्पन्नता**] 2- विनयसम्पन्नता, [**शीलव्रतेष्वनतीचारः**] 3- शील और व्रतों में अनतिचार अर्थात् अतिचार का न होना, [**अभीक्ष्णज्ञानोपयोगः**] 4- निरन्तर ज्ञानोपयोग, [**संवेगः**] 5- संवेग अर्थात् संसार से भयभीत होना, [**शक्तितस्त्यागतपसी**] 6-7- शक्ति के अनुसार त्याग तथा तप करना, [**साधुसमाधिः**] 8- साधुसमाधि, [**वैयावृत्त्यकरणम्**] 9- वैयावृत्त्य करना, [**अर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिः**] 10-13- अर्हत्-आचार्य-बहुश्रुत (उपाध्याय) और प्रवचन (शास्त्र) के प्रति भक्ति करना, [**आवश्यकापरिहाणिः**] 14- आवश्यक में हानि न करना, [**मार्गप्रभावना**] 15- मार्ग प्रभावना और [**प्रवचनवत्सलत्वम्**] 16- प्रवचन-वात्सल्य [**इति तीर्थकरत्वस्य**] ये सोलह भावना तीर्थंकर-नामकर्म के आस्रव का कारण हैं।

The influx of *Tīrthamkara* name-karma is caused by these sixteen observances, namely, purity of right faith, reverence, observance of vows and supplementary vows without transgressions, ceaseless pursuit of knowledge, perpetual fear of the cycle of existence, giving gifts (charity), practising austerities according to one's capacity, removal of obstacles that threaten the equanimity of ascetics, serving the meritorious by warding off evil or suffering, devotion to omniscient lords, chief preceptors, preceptors, and the scriptures, practice of the six essential daily duties, propagation of the teachings of the omniscient, and fervent affection for one's brethren following the same path.

परात्मनिन्दाप्रशंसे सदसद्‌गुणोच्छादनोद्भावने च नीचैर्गोत्रस्य ॥२५॥

[परात्मनिंदाप्रशंसे] दूसरे की निंदा और अपनी प्रशंसा करना **[सदसद्‌गुणोच्छादनोद्भावने च]** तथा प्रगट गुणों को छिपाना और अप्रगट गुणों को प्रसिद्ध करना सो **[नीचैर्गोत्रस्य]** नीच गोत्रकर्म के आस्त्रव का कारण हैं।

Censuring others and praising oneself, concealing good qualities present in others and proclaiming noble qualities absent in oneself, cause the influx of karmas which lead to low status.

तद्विपर्ययौ नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ चोत्तरस्य ॥२६॥

[तद्विपर्ययः] उस नीच गोत्रकर्म के आस्रव के कारणों से विपरीत अर्थात् परप्रशंसा, आत्मनिंदा इत्यादि **[च]** तथा **[नोचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ]** नम्र वृत्ति होना तथा मद का अभाव - सो **[उत्तरस्य]** दूसरे गोत्रकर्म अर्थात् उच्च गोत्रकर्म के आस्रव का कारण हैं।

The opposites of those mentioned in the previous sutra, and humility and modesty, cause the influx of karmas which determine high status.

विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥२७॥

[विघ्नकरणम्] दान, लाभ, भोग, उपभोग तथा वीर्य में विघ्न करना सो **[अन्तरायस्य]** अन्तराय कर्म के आस्रव का कारण हैं।

Laying an obstacle is the cause of the influx of obstructive karmas.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे षष्ठोऽध्यायः ॥

****

अथ सप्तमोऽध्यायः
The Five Vows

हिंसाऽनृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतम् ॥१॥

[हिंसाऽनृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिः] हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन और परिग्रह अर्थात् पदार्थों के प्रति ममत्वरूप परिणमन – इन पाँच पापों से (बुद्धिपूर्वक) निवृत्त होना सो **[व्रतम्]** व्रत है।

Desisting from injury, falsehood, stealing, unchastity, and attachment, is the (fivefold) vow.

देशसर्वतोऽणुमहती ॥२॥

व्रत के दो भेद हैं – **[देशतः अणुः]** उपरोक्त हिंसादि पापों का एकदेश त्याग करना सो अणुव्रत और **[सर्वतः महती]** सर्वदेश त्याग करना सो महाव्रत है।

(The vow is of two kinds), small and great, from its being partial and complete.

तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पञ्च पञ्च ॥३॥

[तत्स्थैर्यार्थं] उन व्रतों की स्थिरता के लिये **[भावनाः पञ्च पञ्च]** प्रत्येक व्रत की पाँच-पाँच भावनायें हैं।

किसी वस्तु का बार बार विचार करना सो भावना है।

For the sake of strengthening the vows, there are five observances[1] for each of these.

वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपान-
भोजनानि पञ्च ।।४।।

[वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि] वचनगुप्ति- वचन को रोकना, मनगुप्ति- मन की प्रवृत्ति को रोकना, ईर्या समिति- चार हाथ जमीन देखकर चलना, आदाननिक्षेपण समिति- जीवरहित भूमि देखकर सावधानी से किसी वस्तु को उठाना धरना और आलोकितपानभोजन- देखकर-शोधकर, भोजन-पानी ग्रहण करना **[पञ्च]** ये पाँच अहिंसा व्रत की भावनायें हैं।

Control of speech, control of thought, regulation of movement, care in taking and placing things or objects, and examining food or drink, are five.

क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं
च पञ्च ।।५।।

[1] *Bhāvanā* is generally rendered as contemplation or meditation. But from what follows 'observance' may be taken as a better rendering.

[क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानानि] क्रोधप्रत्याख्यान, लोभप्रत्याख्यान, भीरुत्वप्रत्याख्यान, हास्यप्रत्याख्यान अर्थात् क्रोध का त्याग करना, लोभ का त्याग करना, भय का त्याग करना, हास्य का त्याग करना **[अनुवीचिभाषणं च]** और शास्त्र की आज्ञानुसार निर्दोष वचन बोलना **[पञ्च]** ये पाँच सत्यव्रत की भावनायें हैं।

Giving up anger, greed, cowardice or fearfulness, and jest, and speaking harmless words are five.

शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धि-सधर्माविसंवादाः पञ्च ॥६॥

[शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धि-सधर्माविसंवादाः] शून्यागारवास- पर्वतों की गुफा, वृक्ष की पोल इत्यादि निर्जन स्थानों में रहना, विमोचितावास- दूसरों के द्वारा छोड़े गये स्थान में निवास करना, किसी स्थान पर रहते हुये दूसरों को न हटाना तथा यदि कोई अपने स्थान में आवे तो उसे न रोकना, शास्त्रानुसार भिक्षा की शुद्धि रखना और साधर्मियों के साथ यह मेरा है-यह तेरा है ऐसा क्लेश न करना **[पञ्च]** ये पाँच अचौर्यव्रत की भावनायें हैं।

Residence in a solitary place, residence in a deserted habitation, causing no hindrance to others, acceptance of clean food, and not quarrelling with brother monks, are five.

स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहरांगनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरण-वृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पञ्च ॥७॥

[स्त्रीरागकथाश्रवणत्यागः] स्त्रियों में राग बढ़ाने वाली कथा सुनने का त्याग, **[तन्मनोहरांगनिरीक्षणत्यागः]** उनके मनोहर अंगों को निरखकर देखने का त्याग, **[पूर्वरतानुस्मरणत्यागः]** अव्रत अवस्था में भोगे हुए विषयों के स्मरण का त्याग, **[वृष्येष्टरसत्यागः]** कामवर्धक गरिष्ठ रसों का त्याग और **[स्वशरीरसंस्कारत्यागः]** अपने शरीर के संस्कारों का त्याग **[पञ्च]** ये पाँच बह्मचर्य व्रत की भावनायें हैं।

Giving up listening to stories that excite attachment for women, looking at the beautiful bodies of women, recalling former sexual pleasure, delicacies stimulating amorous desire, and adornment of the body, constitutes five.

मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च ॥८॥

[मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि] स्पर्शन आदि पाँचों इन्द्रियों के इष्ट-अनिष्ट विषयों के प्रति राग-द्वेष का त्याग करना **[पञ्च]** सो पाँच परिग्रहत्यागव्रत की भावनायें हैं।

Giving up attachment and aversion for agreeable and disagreeable objects of the five senses constitutes five.

हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम् ॥९॥

[हिंसादिषु] हिंसा आदि पाँच पापों से **[इह अमुत्र]** इस लोक में तथा परलोक में **[अपायावद्यदर्शनम्]** नाश की (दु:ख, आपत्ति, भय तथा निंद्यगति की) प्राप्ति होती है - ऐसा बारम्बार चिन्तवन करना चाहिये।

The consequences of violence etc. are calamity and reproach in this world and in the next.

दु:खमेव वा ॥१०॥

[वा] अथवा ये हिंसादिक पाँच पाप **[दु:खमेव]** दु:खरूप ही हैं - ऐसा विचारना।

Or sufferings only (result from injury etc.).

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि च सत्त्वगुणाधिक-क्लिश्यमानाविनेयेषु ॥११॥

[सत्त्वेषु मैत्री] प्राणीमात्र के प्रति निर्वैर बुद्धि **[गुणाधिकेषु प्रमोदं]** अधिक गुणवानों के प्रति प्रमोद (हर्ष)
[क्लिश्यमानेषु कारुण्यं] दु:खी-रोगी जीवों के प्रति करुणा और **[अविनेयेषु माध्यस्थं]** हठाग्रही मिथ्यादृष्टि जीवों के प्रति माध्यस्थ भावना - ये चार भावना अहिंसादि पाँच व्रतों की स्थिरता के लिये बारम्बार चिन्तवन करने योग्य हैं।

Benevolence towards all living beings, joy at the sight of the virtuous, compassion and sympathy for the afflicted, and tolerance towards the insolent and ill-behaved.

जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम् ॥१२॥

[संवेगवैराग्यार्थम्] संवेग अर्थात् संसार का भय और वैराग्य अर्थात् राग-द्वेष का अभाव करने के लिये
[जगत्कायस्वभावौ वा] क्रम से संसार और शरीर के स्वभाव का चिन्तवन करना चाहिये।

Or the nature of mundane existence (the universe) and the body (may also be contemplated) in order to cultivate awe at the misery of worldly existence and detachment to worldly things.

प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा ॥१३॥

[प्रमत्तयोगात्] कषाय-राग-द्वेष अर्थात् अयत्नाचार (असावधानी-प्रमाद) के सम्बन्ध से अथवा प्रमादी जीव के मन-वचन-काय योग से **[प्राणव्यपरोपणं]** जीव के भाव-प्राण का, द्रव्य-प्राण का अथवा इन दोनों का वियोग करना सो **[हिंसा]** हिंसा है।

The severance of vitalities out of passion is injury.

असदभिधानमनृतम् ॥१४॥

प्रमाद के योग से **[असदभिधानं]** जीवों को दुःखदायक अथवा मिथ्यारूप वचन बोलना सो **[अनृतम्]** असत्य है।

Speaking what is not commendable is falsehood.

अदत्तादानं स्तेयम् ॥१५॥

प्रमाद के योग से **[अदत्तादानं]** बिना दी हुई किसी भी वस्तु को ग्रहण करना सो **[स्तेयम्]** चोरी है।

Taking anything that is not given is stealing.

मैथुनमब्रह्म ॥१६॥

[मैथुनमब्रह्म] जो मैथुन है सो अब्रह्म अर्थात् कुशील है।

Copulation is unchastity.

मूर्च्छा परिग्रहः ॥१७॥

[मूर्च्छा परिग्रहः] जो मूर्च्छा है सो परिग्रह है।

Infatuation is attachment to possessions.

निश्शल्यो व्रती ॥१८॥

[व्रती] व्रती जीव **[निःशल्यः]** शल्य रहित ही होता है।

The votary is free from stings.

अगार्यनगारश्च ॥१९॥

[अगारी] अगारी अर्थात् सागार (गृहस्थ) **[अनगारः च]** और अनगार (गृहत्यागी भावमुनि) इस प्रकार व्रती के दो भेद हैं।

नोट- निश्चय सम्यग्दर्शन-ज्ञानपूर्वक महाव्रतों को पालने वाले मुनि अनगारी कहलाते हैं और देशव्रत को पालने वाले श्रावक सागारी कहलाते हैं।

The householder and the homeless ascetic are the two kinds of votaries.

अणुव्रतोऽगारी ॥२०॥

[अणुव्रतः] अणुव्रत अर्थात् एकदेश व्रत पालनेवाले सम्यग्दृष्टि जीव **[अगारी]** सागार कहे जाते हैं।

One who observes the small vows is a householder.

दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोग-परिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसंपन्नश्च ॥२१॥

[च] और फिर वे व्रत **[दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिक-प्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसंविभाग-व्रतसंपन्नः]** दिग्व्रत, देशव्रत तथा अनर्थदण्डव्रत ये तीन गुणव्रत और सामायिक, प्रोषधोपवास, उपभोग-परिभोग परिमाण (मर्यादा) तथा अतिथिसंविभागव्रत ये चार शिक्षाव्रत सहित होते हैं अर्थात् व्रतधारी श्रावक पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत, इन बारह व्रतों सहित होता है।

Abstaining from activity with regard to directions, country, and purposeless sin, periodical concentration, fasting at regular intervals, limiting consumable and non-consumable things, and partaking of one's food after feeding an ascetic, are the minor or supplementary vows.

मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता ॥२२॥

व्रतधारी श्रावक [**मारणान्तिकीं**] मरण के समय होने वाली [**सल्लेखनां**] सल्लेखना को [**जोषिता**] प्रीतिपूर्वक सेवन करें।

The householder courts voluntary death at the end of his life.

शंकाकांक्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतीचाराः ॥२३॥

[**शंकाकांक्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः**] शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टि की प्रशंसा और अन्यदृष्टि का संस्तव - ये पाँच [**सम्यग्दृष्टेः अतिचाराः**] सम्यग्दर्शन के अतिचार हैं।

Doubt in the teachings of the Jina, desire for worldly enjoyment, repugnance or disgust at the afflicted, admiration for the knowledge and conduct of the wrong believer, and praise of wrong believers, are the five transgressions of the right believer.

व्रतशीलेषु पञ्च पञ्च यथाक्रमम् ॥२४॥

[व्रतशीलेषु] व्रत और शीलों में भी **[यथाक्रमं]** अनुक्रम से प्रत्येक में **[पञ्च पञ्च]** पाँच-पाँच अतिचार हैं।

There are five, five transgressions respectively for the vows and the supplementary vows.

बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ॥२५॥

[बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः] बन्ध, वध, छेद, अधिक भार लादना और अन्न-पान का निरोध करना - ये पाँच अहिंसाणुव्रत के अतिचार हैं।

Binding, beating, mutilating limbs, overloading, and withholding food and drink.

मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहार-साकारमन्त्रभेदाः ॥२६॥

[मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहार-साकारमन्त्रभेदाः] मिथ्या उपदेश, रहोभ्याख्यान, कूटलेखाक्रिया, न्यासापहार और साकारमन्त्रभेद - ये पाँच सत्याणुव्रत के अतिचार हैं।

Perverted teaching, divulging what is done in secret, forgery, misappropriation, and proclaiming others' thoughts.

स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिक-मानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः ॥२७॥

चोरी के लिये चोर को प्रेरणा करना या उसका उपाय बताना, चोर से चुराई हुई वस्तु खरीदना, राज्य की आज्ञा के विरुद्ध चलना, देने-लेने के बाँट तराजू आदि कम-ज्यादा रखना और कीमती वस्तु में कम कीमत की वस्तु मिलाकर असली भाव से बेचना - ये अचौर्याणुव्रत के अतिचार हैं।

Prompting others to steal, receiving stolen goods, under-buying in a disordered state, using false weights and measures, and deceiving others with artificial or imitation goods.

परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीताऽपरिगृहीता-गमनानंगक्रीड़ाकामतीव्राभिनिवेशाः ॥२८॥

दूसरे के पुत्र-पुत्रियों का विवाह करना-कराना, पति-सहित व्यभिचारिणी स्त्रियों के पास आना-जाना, लेन-देन रखना, रागभाव पूर्वक बात-चीत करना, पति-रहित व्यभिचारिणी स्त्री (वेश्यादि) के यहाँ आना-जाना, लेन-देन आदि का व्यवहार रखना, अनंगक्रीड़ा अर्थात् कामसेवन के लिये निश्चित् अंगों को छोड़कर अन्य अंगों से कामसेवन करना और कामसेवन की तीव्र अभिलाषा - ये पाँच ब्रह्मचर्याणुव्रत के अतिचार हैं।

Bringing about marriage, intercourse with an unchaste married woman, cohabitation with a harlot, perverted sexual practices, and excessive sexual passion.

क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्य-प्रमाणातिक्रमाः ॥२९॥

[क्षेत्रवास्तुप्रमाणातिक्रमाः] क्षेत्र और रहने के स्थान के परिमाण का उल्लंघन करना, **[हिरण्यसुवर्णप्रमाणातिक्रमाः]** चाँदी और सोने के परिमाण का उल्लंघन करना, **[धनधान्यप्रमाणातिक्रमाः]** धन (पशु आदि) तथा धान्य के

परिमाण का उल्लंघन करना, **[दासीदासप्रमाणातिक्रमाः]** दासी और दास के परिमाण का उल्लंघन करना तथा **[कुप्यप्रमाणातिक्रमाः]** वस्त्र, बर्तन आदि के परिमाण का उल्लंघन करना - ये पाँच अपरिग्रह अणुव्रत के अतिचार हैं।

Exceeding the limits set by oneself with regard to cultivable lands and houses, riches such as gold and silver, cattle and corn, men and women servants, and clothes.

ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ॥३०॥

[ऊर्ध्वव्यतिक्रमः] माप से अधिक ऊंचाई वाले स्थलों में जाना, **[अधःव्यतिक्रमः]** माप से नीचे (कुँआ, खान आदि) स्थानों में उतरना, **[तिर्यक्व्यतिक्रमः]** समान स्थान के माप से बहुत दूर जाना, **[क्षेत्रवृद्धिः]** की हुई मर्यादा में क्षेत्र को बढ़ा लेना और **[स्मृत्यन्तराधानं]** क्षेत्र की की हुई मर्यादा को भूल जाना - ये पाँच दिग्व्रत के अतिचार हैं।

Exceeding the limits set in the directions, namely upwards, downwards and horizontally, enlarging the boundaries in the accepted directions, and forgetting the boundaries set, are the five transgressions of the minor vow of direction.

आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ॥३१॥

[आनयनं] मर्यादा से बाहर की चीज को मंगाना, **[प्रेष्यप्रयोगः]** मर्यादा से बाहर नौकर आदि को भेजना, **[शब्दानुपातः]** खांसी, शब्द आदि से मर्यादा के बाहर जीवों को अपना अभिप्राय समझा देना, **[रूपानुपातः]** अपना रूप आदि दिखाकर मर्यादा के बाहर के जीवों को इशारा करना और **[पुद्गलक्षेपाः]** मर्यादा के बाहर कंकर, पत्थर आदि फेंककर अपने कार्य का निर्वाह कर लेना - ये पाँच देशव्रत के अतिचार हैं।

Sending for something outside the country of one's resolve, commanding someone there to do thus, indicating one's intentions by sounds, by showing oneself, and by throwing clod etc.

कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोग-परिभोगानर्थक्यानि ॥३२॥

[कन्दर्प] राग से हास्यसहित अशिष्ट वचन बोला, **[कौत्कुच्यं]** शरीर की कुचेष्टा करके अशिष्ट वचन बोलना, **[मौखर्यं]** धृष्टतापूर्वक जरूरत से ज्यादा बोलना, **[असमीक्ष्याधिकरणं]** बिना प्रयोजन मन, वचन, काय की

प्रवृत्ति करना और **[उपभोग-परिभोगानर्थक्यं]** भोग-उपभोग के पदार्थों का जरूरत से ज्यादा संग्रह करना - ये पाँच अनर्थदंडव्रत के अतिचार हैं।

Vulgar jokes, vulgar jokes accompanied by gesticulation, garrulity, unthinkingly indulging in too much action, keeping too many consumable and non-consumable objects, are the five transgressions of the vow of desisting from unnecessary sin.

योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३३॥

[योगदुष्प्रणिधानं] मन सम्बन्धी परिणामों की अन्यथा प्रवृत्ति करना, वचन सम्बन्धी परिणामों की अन्यथा प्रवृत्ति करना, काय सम्बन्धी परिणामों की अन्यथा प्रवृत्ति करना,
[अनादर] सामायिक के प्रति उत्साह रहित होना,
[स्मृत्यनुपस्थानं] एकाग्रता के अभाव को लेकर सामायिक के पाठ आदि भूल जाना - ये पाँच सामायिक शिक्षाव्रत के अतिचार हैं।

Misdirected three-fold activity, lack of earnestness, and fluctuation of thought, are the five transgressions of concentration.

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादान-संस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३४॥

[अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादर-स्मृत्यनुपस्थानानि] बिना देखी, बिना शोधी जमीन में मल-मूत्रादि क्षेपण करना, बिना देखे, बिना शोधे पूजन के उपकरण ग्रहण करना, बिना देखे, बिना शोधे जमीन पर चटाई, वस्त्र आदि बिछाना, भूख आदि से व्याकुल हो आवश्यक धर्म-कार्य उत्साह-रहित होकर करना और आवश्यक धर्म-कार्यों को भूल जाना - ये पाँच प्रोषधोपवास शिक्षाव्रत के अतिचार हैं।

Excreting, handling sandalwood paste, flowers etc., and spreading mats and garments without inspecting and cleaning the place and the materials, lack of earnestness, and lack of concentration.

सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः ॥३५॥

1- सचित्त-जीववाले (कच्चे फल आदि) पदार्थ, 2- सचित्त पदार्थ के साथ सम्बन्ध वाले पदार्थ, 3- सचित्त पदार्थ से मिले हुये पदार्थ, 4- अभिषव - गरिष्ठ पदार्थ, और 5- दुःपक्व अर्थात् आधे पके या अधिक पके हुए या बुरी

तरह से पके पदार्थ - इनका आहार करना - ये पाँच उपभोग-परिभोग परिमाण शिक्षाव्रत के अतिचार हैं।

Victuals containing (one-sensed) organisms, placed near organisms, mixed with organisms, stimulants, and ill-cooked food.

सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ॥३६॥

[**सचित्तनिक्षेपः**] सचित्त पत्र आदि में रखकर भोजन देना, [**सचित्तापिधानं**] सचित्त पत्र आदि से ढके हुये भोजन आदि को देना [**परव्यपदेशः**] दूसरे दातार की वस्तु को देना [**मात्सर्य**] अनादरपूर्वक देना अथवा दूसरे दातार की वस्तु को ईर्षापूर्वक देना और [**कालातिक्रमः**] योग्य काल का उल्लंघन करके देना - ये पाँच अतिथिसंविभाग शिक्षाव्रत के अतिचार हैं।

Placing the food on things with organisms such as green leaves, covering it with such things, food of another host, envy, and untimely food.

जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ॥३७॥

[जीविताशंसा] सल्लेखना धारण करने के बाद जीने की इच्छा करना, **[मरणाशंसा]** वेदना से व्याकुल होकर शीघ्र मरने की इच्छा करना, **[मित्रानुरागः]** अनुराग के द्वारा मित्रों का स्मरण करना, **[सुखानुबन्ध]** पहले भोगे हुये सुखों का स्मरण करना और **[निदानं]** निदान करना अर्थात् आगामी विषय-भोगों की वांछा करना – ये पाँच सल्लेखनाव्रत के अतिचार हैं।

Desire for life, desire for death, recollection of affection for friends, recollection of pleasures, and constant longing for enjoyment.

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् ॥३८॥

[अनुग्रहार्थं] अनुग्रह-उपकार के हेतु से **[स्वस्यातिसर्गः]** धन आदि अपनी वस्तु का त्याग करना सो **[दानं]** दान है।

Charity is the giving of one's wealth to another for mutual benefit.

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥३९॥

[विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्] विधि, द्रव्य, दातृ और पात्र की विशेषता से **[तद्विशेषः]** दान में विशेषता होती है।

The distinction with regard to the effect of a gift consists in the manner, the thing given, the nature of the giver, and the nature of the recipient.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे सप्तमोऽध्यायः ॥

* * *

अथ अष्टमोऽध्यायः
Bondage of Karma

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ॥१॥

[मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगाः] मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग – ये पाँच **[बंधहेतवः]** बन्ध के कारण हैं।

Wrong belief, non-abstinence, negligence, passions, and activities are the causes of bondage.

सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान्पुद्गलानादत्ते स बन्धः ॥२॥

[जीवः सकषायत्वात्] जीव कषायसहित होने से **[कर्मणः योग्यान्पुद्गलान्]** कर्म के योग्य पुद्गल परमाणुओं को **[आदत्ते]** ग्रहण करता है **[स बन्धः]** वह बन्ध है।

The individual self attracts particles of matter which are fit to turn into karma, as the self is actuated by passions. This is bondage.

प्रकृतिस्थित्यनुभवप्रदेशास्तद्विधयः ॥३॥

[तत्] उस बन्ध के **[प्रकृतिस्थित्यनुभवप्रदेशाः]** प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध **[विधयः]** ये चार भेद हैं।

Bondage is of four kinds according to the nature or species of karma, duration of karma, fruition of karma, and the quantity of space-points of karma.

आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नाम-गोत्रान्तरायाः ॥४॥

[आद्यो] पहला अर्थात् प्रकृतिबन्ध **[ज्ञानदर्शनावरण-वेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः]** ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय - इन आठ प्रकार का है।

The type-bondage is of eight kinds, knowledge-obscuring, perception-obscuring, feeling-producing, deluding, life-determining, name-determining (physique-making), status-determining, and obstructive karmas.

पञ्चनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपञ्चभेदा यथाक्रमम् ॥५॥

[यथाक्रमम्] उपरोक्त ज्ञानावरणादि आठ कर्मों के अनुक्रम से **[पञ्चनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपञ्चभेदाः]** पाँच, नव, दो, अट्ठाईस, चार, ब्यालीस, दो और पाँच भेद हैं।

The subdivisions are five, nine, two, twenty-eight, four, forty-two, two, and five kinds respectively.

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम् ॥६॥

[मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम्] मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण, ये ज्ञानावरण कर्म के पाँच भेद हैं।

Karmas which obscure sensory knowledge, scriptural knowledge, clairvoyance, telepathy, and omniscience, are the five kinds of knowledge-obscuring karmas.

चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचला-प्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ॥७॥

[चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां] चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण **[निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च]** निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि - ये नव भेद दर्शनावरण कर्म के हैं।

The four karmas that cover ocular perception, non-ocular intuition, clairvoyant perception, and perfect perception, sleep, deep sleep, drowsiness (sleep in sitting posture), heavy drowsiness (intense sleep in sitting posture), and somnambulism (committing cruel deeds in sleep), are the nine subtypes of perception-covering karmas.

सदसद्वेद्ये ॥८॥

[सदसद्वेद्ये] सातावेदनीय और असातावेदनीय ये दो वेदनीय कर्म के भेद हैं।

The two karmas which cause pleasant feeling and unpleasant feeling respectively are the two subtypes of feeling-producing karmas.

दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनव-षोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदा अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलन-विकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः ॥९॥

[दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्याः] दर्शनमोहनीय, चारित्रमोहनीय, अकषायवेदनीय और

कषायवेदनीय - ये चार भेदरूप मोहनीय कर्म के हैं और इसके अनुक्रम से **[त्रिद्विनवषोडशभेदाः]** तीन, दो, नव और सोलह भेद हैं। वे इस प्रकार से हैं - **[सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयानि]** सम्यक्त्व मोहनीय, मिथ्यात्व मोहनीय और सम्यगमिथ्यात्वमोहनीय - ये दर्शन मोहनीय के तीन भेद हैं; **[अकषायकषायौ]** अकषायवेदनीय और कषायवेदनीय ये दो भेद चारित्र मोहनीय के हैं; **[हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदाः]** हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद - ये अकषायवेदनीय के नव हैं; और **[अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाः च]** अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान तथा संज्वलन के भेद से तथा **[एकशः क्रोधमानमायालोभाः]** इन प्रत्येक के क्रोध, मान, माया और लोभ ये चार प्रकार - ये सोलह भेद कषायवेदनीय के हैं। इस तरह मोहनीय कर्म के कुल अट्ठाईस भेद हैं।

The deluding karmas are of twenty-eight kinds. These are the three subtypes of faith-deluding karmas[1], the two types of conduct-deluding karmas

[1] The three subtypes of faith-deluding karmas are wrong belief, mixed right and wrong belief, and right belief slightly clouded by wrong belief.

which cause (and which are caused by) the passions and quasi-passions, the subtypes of the passions[2] and the quasi-passions[3] being sixteen and nine respectively.

नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ॥१०॥

[नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि] नरकायु, तिर्यंचायु, मनुष्यायु और देवायु - ये चार भेद आयुकर्म के हैं।

(The life-karmas determine the quantum of life in the states of existence as) infernal beings, plants and animals, human beings, and celestial beings.

गतिजातिशरीरांगोपांगनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थान-
संहननस्पर्शरसगंधवर्णानुपूर्व्यगुरुलघूपघात-
परघातातपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः
प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्ति-
स्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि तीर्थकरत्वं च ॥११॥

---

[2] The passions are four – anger, pride, deceitfulness, and greed. Each of these four is further divided into four classes, namely that which leads to infinite births, that which hinders partial abstinence, that which disturbs complete self-restraint, and that which interferes with perfect conduct. Thus the passions make up sixteen.

[3] The quasi-passions are nine, namely laughter, liking, disliking, sorrow, fear, disgust, the male sex-passion, the female sex-passion, and the neuter sex-passion.

[गतिजातिशरीरांगोपांगनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थान-संहननस्पर्शरसगंधवर्णानुपूर्व्यगुरुलघूपघात-परघातातपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः] गति, जाति, शरीर, अंगोपांग, निर्माण, बन्धन, संघात, संस्थान, संहनन, स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, अनुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास और विहायोगति - ये इक्कीस, तथा **[प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्ति-स्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि]** प्रत्येक शरीर, त्रस, सुभग, सुस्वर, शुभ, सूक्ष्म, पर्याप्ति, स्थिर, आदेय और यशःकीर्ति - ये दस तथा इनसे उलटे दस अर्थात् साधारण शरीर, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अशुभ, बादर (-स्थूल), अपर्याप्ति, अस्थिर, अनादेय और अपयशःकीर्ति - ये दस, **[तीर्थंकरत्वं च]** और तीर्थंकरत्व, इस तरह नामकर्म के कुल ब्यालीस भेद हैं।

The name (physique-making) karmas comprise the state of existence, the class, the body, the chief and secondary parts, formation, binding (union), molecular interfusion, structure, joint, touch, taste, odour, colour, movement after death, neither heavy nor light, self-annihilation, annihilation by others, emitting warm splendour, emitting cool lustre, respiration, gait, individual body, mobile being, amiability, a melodious voice, beauty of form, minute body, complete development (of the organs), firmness, lustrous body, glory and renown, and the

opposites of these (commencing from individual body), and *Tīrthakaratva*.

उच्चैर्नीचैश्च ॥१२॥

[उच्चैर्नीचैश्च] उच्चगोत्र और नीचगोत्र - ये दो भेद गोत्र कर्म के हैं।

The high and the low.

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम् ॥१३॥

[दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम्] दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और वीर्यान्तराय - ये पाँच भेद अन्तराय कर्म के हैं। प्रकृतिबन्ध के उपभेदों का वर्णन यहाँ पूर्ण हुआ।

The obstructive karmas are of five kinds, obstructing the making of gifts, gain, enjoyment of consumable things, enjoyment of non-consumable things, and effort (energy).

आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिः ॥१४॥

[आदितस्तिसृणाम्] आदि से तीन अर्थात् ज्ञानावरण, दर्शनावरण, तथा वेदनीय **[अन्तरायस्य च]** और अन्तराय - इन चार कर्मों की **[परा स्थितिः]** उत्कृष्ट स्थिति **[त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः]** तीस कोड़ाकोड़ी सागर की है।

The maximum duration of the three main types (primary species) from the first and obstructive karmas is thirty *sāgaropama kotīkotī*.

सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥१५॥

[मोहनीयस्य] मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति **[सप्ततिः]** सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर की है।

Seventy *sāgaropama kotīkotī* is the maximum duration of the deluding karmas.

विंशतिर्नामगोत्रयोः ॥१६॥

[नामगोत्रयोः] नाम और गोत्र कर्म की उत्कृष्ट स्थिति **[विंशतिः]** बीस कोड़ाकोड़ी सागर की है।

Twenty *sāgaropama kotīkotī* is the maximum duration of the name-karma and the status-determining karma.

त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥१७॥

[आयुषः] आयु कर्म का उत्कृष्ट स्थिति
[त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणि] तेंतीस सागर की है।

Thirty-three *sāgaropamas* is the maximum duration of life.

अपरा द्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ॥१८॥

[वेदनीयस्य अपरा] वेदनीय कर्म की जघन्य स्थिति
[द्वादशमुहूर्ता] बारह मुहूर्त की है।

The minimum duration of the feeling-producing karma is twelve *muhūrtas*.

नामगोत्रयोरष्टौ ॥१९॥

[नामगोत्रयोः] नाम और गोत्र कर्म की जघन्य स्थिति
[अष्टौ] आठ मुहूर्त की है।

The minimum duration of the name-karma and the status-determining karma is eight *muhūrtas*.

शेषाणामन्तर्मुहूर्ता ॥२०॥

[शेषाणां] बाकी के अर्थात् ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, अन्तराय और आयु - इन पाँच कर्मों की जघन्य स्थिति **[अन्तर्मुहूर्ता]** अन्तर्मुहूर्त की है।

The minimum duration of the rest is up to one *muhūrta*.

विपाकोऽनुभवः ॥२१॥

[विपाकः] विविध प्रकार का जो पाक है **[अनुभवः]** सो अनुभव है।

Fruition is the ripening or maturing of karmas.

स यथानाम ॥२२॥

[सः] यह अनुभाग बन्ध **[यथानाम]** कर्मों के नाम के अनुसार ही होता है।

(The nature of) fruition is according to the names of the karmas.

ततश्च निर्जरा ॥२३॥

[ततः च] तीव्र, मध्यम या मन्द फल देने के बाद
[निर्जरा] उन कर्मों की निर्जरा हो जाती है अर्थात् उदय में आने के बाद कर्म आत्मा से पृथक् हो जाते हैं।

After fruition (enjoyment), the karmas fall off or disappear.

नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाह-स्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ॥२४॥

[नामप्रत्ययाः] ज्ञानावरणादि कर्म प्रकृतियों का कारण,
[सर्वतः] सर्व तरफ से अर्थात् समस्त भावों में
[योगविशेषात्] योग विशेष से **[सूक्ष्मैकक्षेत्रवगाहस्थिताः]** सूक्ष्म, एकक्षेत्रावगाहरूप स्थित **[सर्वात्मप्रदेशेषु]** और सर्व आत्मप्रदेशों में **[अनन्तानन्तप्रदेशाः]** जो कर्म पुद्गल के अनन्तानन्त प्रदेश हैं सो प्रदेशबन्ध है।

The karmic molecules of infinite times infinite space-points always pervade in a subtle form the entire space-points of every soul in every birth. And these are absorbed by the soul because of its activity.

सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ॥२५॥

[सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि] साता वेदनीय, शुभ आयु, शुभ नाम और शुभ गोत्र **[पुण्यम्]** ये पुण्य-प्रकृतियाँ हैं।

The good variety of feeling-producing karmas, and the auspicious life, name, and status-determining karmas constitute merit *(puṇya)*.

अतोऽन्यत्पापम् ॥२६॥

[अतःअन्यत्] इन पुण्य-प्रकृतियों से अन्य अर्थात् असाता वेदनीय, अशुभ आयु, अशुभ नाम और अशुभ गोत्र **[पापम्]** ये पाप-प्रकृतियाँ हैं।

The remaining varieties of karma constitute demerit.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे अष्टमोऽध्यायः ॥

* * *

अथ नवमोऽध्यायः

Stoppage and Shedding of Karma

आस्त्रवनिरोधः संवरः ॥१॥

[आस्त्रवनिरोधः] आस्त्रव का रोकना सो **[संवरः]** संवर है अर्थात् आत्मा में जिन कारणों से कर्मों का आस्त्रव होता है उन कारणों को दूर करने से कर्मों का आना रुक जाता है उसे संवर कहते हैं।

The obstruction of influx is stoppage *(samvara)*.

स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ॥२॥

[गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः] तीन गुप्ति, पाँच समिति, दश धर्म, बारह अनुप्रेक्षा, बावीस परीषहजय और पाँच चारित्र - इन छः कारणों से **[सः]** संवर होता है।

Stoppage (is effected) by control, carefulness, virtue, contemplation, conquest by endurance, and conduct.

तपसा निर्जरा च ॥३॥

[तपसा] तप से **[निर्जरा च]** निर्जरा होती है और संवर भी होता है।

By penance (austerity) dissociation also.

सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ।।४।।

[सम्यक्योगनिग्रहो] भले प्रकार योग का निग्रह करना सो **[गुप्तिः]** गुप्ति है।

Curbing activity well is control *(gupti)*.

ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः ।।५।।

[ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः] सम्यक् ईर्या, सम्यक् भाषा, सम्यक् एषणा, सम्यक् आदाननिक्षेप और सम्यक् उत्सर्ग - ये पाँच **[समितयः]** समिति हैं। (चौथे सूत्र का 'सम्यक्' शब्द इस सूत्र में भी लागू होता है।)

Walking, speech, eating, lifting and laying down, and depositing waste products constitute the five-fold regulation of activities.

उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिञ्चन्य-ब्रह्मचर्याणि धर्मः ।।६।।

[उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिञ्चन्य-ब्रह्मचर्याणि] उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य - ये दस **[धर्मः]** धर्म हैं।

Supreme forbearance, modesty, straightforwardness, purity, truthfulness, self-restraint, austerity, renunciation, non-attachment, and celibacy constitute virtue or duty.

अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्त्रवसंवरनिर्जरा-लोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्याततत्त्वानुचिन्तनमनुप्रेक्षाः ॥७॥

[अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्त्रवसंवरनिर्जरा-लोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्याततत्त्वानुचिन्तनम्] अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्त्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्म - इन बारह के स्वरूप का बारम्बार चिन्तवन करना सो **[अनुप्रेक्षाः]** अनुप्रेक्षा है।

Reflection is meditating on transitoriness, helplessness, transmigration, loneliness, distinctness, impurity, influx, stoppage, dissociation, the universe, rarity of enlightenment, and the truth proclaimed by religion.

मार्गाच्यवननिर्जरार्थं परिषोढव्याः परीषहाः ॥८॥

[मार्गाच्यवननिर्जरार्थं] संवर के मार्ग से च्युत न होने और कर्मों की निर्जरा के लिये **[परीषहाः परिषोढव्याः]** बाईस परीषह सहन करने योग्य हैं। (यह संवर का प्रकरण चल रहा है, अतः इस सूत्र में कहे गये 'मार्ग' शब्द का अर्थ 'संवर का मार्ग' समझना।)

The afflictions are to be endured so as not to swerve from the path of stoppage of karmas and for the sake of dissociation of karmas.

क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्रीचर्यानिषद्या-शय्याक्रोशवधयाचनाऽलाभरोगतृणस्पर्शमल-सत्कारपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानादर्शनानि ॥९॥

[क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्रीचर्यानिषद्या-शय्याक्रोशवधयाचनाऽलाभरोगतृणस्पर्शमल-सत्कारपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानादर्शनानि] क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, नाग्न्य, अरति, स्त्री, चर्या, निषद्या, शय्या, आक्रोश, वध, याचना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श, मल, सत्कारपुरस्कार, प्रज्ञा, अज्ञान और अदर्शन, ये बाईस परीषह हैं।

Hunger, thirst, cold, heat, insect-bites, nakedness, absence of pleasures, women, pain arising from roaming, discomfort of postures, uncomfortable couch, scolding, injury, begging, lack of gain, illness, pain inflicted by blades of grass, dirt, reverence and honour (good as well as bad reception), (conceit of) learning, despair or uneasiness arising from ignorance, and lack of faith (are the twenty-two hardships).

सूक्ष्मसाम्परायच्छद्मस्थवीतरागयोश्चतुर्दश ॥१०॥

[सूक्ष्मसाम्परायच्छद्मस्थवीतरागयोः] सूक्ष्मसाम्पराय वाले जीवों के और छद्मस्थ वीतरागों के **[चतुदर्श]** 14 परीषह होती हैं।

Fourteen afflictions occur in the case of the saints in the tenth and twelfth stages.

एकादश जिने ॥११॥

[जिने] तेरहवें गुणस्थान में जिनेन्द्रदेव के **[एकादश]** ऊपर बतलाई गई चौदह में से अलाभ, प्रज्ञा और अज्ञान इन तीन को छोड़कर बाकी की ग्यारह परीषह होती हैं।

Eleven afflictions occur to the Omniscient Jina.

बादरसाम्पराये सर्वे ॥१२॥

[बादरसाम्पराये] बादरसाम्पराय अर्थात् स्थूलकषाय वाले जीवों के **[सर्वे]** सर्व परीषह होती हैं।

All the afflictions arise in the case of the ascetic with gross passions.

ज्ञानावरणे प्रज्ञाऽज्ञाने ॥१३॥

[ज्ञानावरणे] ज्ञानावरणीय के उदय से **[प्रज्ञाऽज्ञाने]** प्रज्ञा और अज्ञान ये दो परीषह होती हैं।

Extraordinary learning and ignorance are caused by knowledge-covering karmas.

दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ ॥१४॥

[दर्शनमोहान्तराययोः] दर्शनमोह और अन्तराय कर्म के उदय से **[अदर्शनालाभौ]** क्रम से अदर्शन और अलाभ परीषह होती हैं।

Misbelief and lack of gain are caused by faith-deluding and obstructive karmas.

चारित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयाचना-सत्कारपुरस्काराः ॥१५॥

[चारित्रमोहे] चारित्रमोहनीय के उदय से **[नाग्न्यारतिस्त्री-निषद्याक्रोशयाचनासत्कारपुरस्काराः]** नग्नता, अरति, स्त्री, निषद्या, आक्रोश, याचना और सत्कारपुरस्कार - ये सात परीषह होती हैं।

(The afflictions of) nakedness, absence of pleasures, woman, sitting posture, reproach, begging, and reverence and honour, are caused by conduct-deluding karmas.

वेदनीये शेषाः ॥१६॥

[वेदनीये] वेदनीय कर्म के उदय से **[शेषाः]** बाकी की ग्यारह परीषह अर्थात् क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, चर्या, शय्या, वध, रोग, तृणस्पर्श, और मल - ये परीषह होती हैं।

The other afflictions are caused by feeling karmas.

एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नैकोनविंशतिः ॥१७॥

[एकस्मिन् युगपत्] एक जीव के एक साथ **[एकादयो]** एक से लेकर **[आ एकोनविंशतिः]** उन्नीस परीषह तक **[भाज्याः]** जानना चाहिये।

The afflictions can occur simultaneously from one to nineteen.

सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्पराय-यथाख्यातमिति चारित्रम् ॥१८॥

[सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्पराय-यथाख्यातम्] सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात **[इति चारित्रम्]** इस प्रकार चारित्र के 5 भेद हैं।

Equanimity, reinitiation, purity of non-injury, slight passion, and perfect conduct are the five kinds of conduct.

अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्याग-विविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः ॥१९॥

[अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्त-शय्यासनकायक्लेशा] सम्यक् प्रकार से अनशन, सम्यक् अवमौदर्य, सम्यक् वृत्तिपरिसंख्यान, सम्यक् रसपरित्याग, सम्यक् विविक्तशय्यासन और सम्यक् कायक्लेश - ये **[बाह्यं तपः]** छः प्रकार के बाह्य तप हैं।

(The external austerities are) fasting, reduced diet, special restrictions for begging food, giving up stimulating and delicious dishes, lonely habitation, and mortification of the body.

प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरम् ॥२०॥

[प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानानि] सम्यक् रूप से प्रायश्चित्त, सम्यक् विनय, सम्यक् वैयावृत्त्य, सम्यक् स्वाध्याय, सम्यक् व्युत्सर्ग और सम्यक् ध्यान **[उत्तरम्]** ये छः प्रकार के अभ्यन्तर तप हैं।

Expiation, reverence, service, study, renunciation, and meditation are the internal austerities.

नवचतुर्दशपञ्चद्विभेदा यथाक्रमं प्राग्ध्यानात् ॥२१॥

[प्राक् ध्यानात्] ध्यान से पहले के पाँच तप के **[यथाक्रमं]** अनुक्रम से **[नवचतुर्दशपञ्चद्विभेदाः]** नव, चार, दस, पाँच और दो भेद हैं अर्थात् सम्यक् प्रायश्चित के नव, सम्यक् विनय के चार, सम्यक् वैयावृत्त्य के दस, सम्यक् स्वाध्याय के पाँच और सम्यक् व्युत्सर्ग के दो भेद हैं।

Prior to meditation, these are of nine, four, ten, five, and two kinds respectively.

आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेद-परिहारोपस्थापनाः ॥२२॥

[आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेद-परिहारोपस्थापनाः] आलोचना, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, परिहार, उपस्थापना, ये प्रायश्चित्त तप के नव भेद हैं।

Confession, repentance, both, discrimination, giving up attachment to the body, penance, suspension, expulsion, and reinitiation.

ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥२३॥

[ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः] ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय और उपचारविनय - ये विनय तप के चार भेद हैं।

Reverence to knowledge, faith, conduct, and the custom of homage.

आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसंघसाधु-मनोज्ञानाम् ॥२४॥

[आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसंघसाधु-मनोज्ञानाम्] आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष्य, ग्लान, गण, कुल, संघ, साधु और मनोज्ञ - इन दस प्रकार के मुनियों की सेवा करना सो वैयावृत्त्य तप के दस भेद हैं।

Respectful service to the Head *(ācārya)*, the preceptor, the ascetic, the disciple, the ailing ascetic, the congregation of aged saints, the congregation of disciples of a common teacher, the congregation of the four orders (of monks, nuns, laymen, and laywomen), the long-standing ascetic, and the saint of high reputation.

वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशाः ॥२५॥

[वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशाः] वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश - ये स्वाध्याय के पाँच भेद हैं।

Teaching, questioning, reflection, recitation, and preaching.

बाह्याभ्यन्तरोपध्योः ॥२६॥

[बाह्याभ्यन्तरोपध्योः] बाह्य उपधिव्युत्सर्ग और अभ्यंतर उपधिव्युत्सर्ग - ये दो व्युत्सर्ग तप के भेद हैं।

Giving up external and internal attachments.

उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात् ॥२७॥

[उत्तमसंहननस्य] उत्तम संहनन वाले के **[आ अन्तर्मुहूर्तात्]** अन्तर्मुहूर्त तक **[एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानम्]** एकाग्रतापूर्वक चिन्ता का निरोध सो ध्यान है।

Concentration of thought on one particular object is meditation. In the case of a person with the best physical structure or constitution it extends up to one *muhūrta*.

आर्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥२८॥

[आतरौद्रधर्म्यशुक्लानि] आर्त, रौद्र, धर्म और शुक्ल - ये ध्यान के चार भेद हैं।

The painful (sorrowful), the cruel, the virtuous (righteous), and the pure.

परे मोक्षहेतू ॥२९॥

[परे] जो चार प्रकार के ध्यान कहे उनमें से अन्त के दो अर्थात् धर्मध्यान और शुक्लध्यान **[मोक्षहेतू]** मोक्ष के कारण हैं।

The last two are the causes of liberation.

आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः ॥३०॥

[अमनोज्ञस्य सम्प्रयोगे] अनिष्ट पदार्थ का संयोग होने पर **[तद्विप्रयोगाय]** उसके दूर करने के लिये **[स्मृतिसमन्वाहारः]** बारम्बार विचार करना सो **[आर्तम्]** 'अनिष्ट संयोगज' नाम का आर्तध्यान है।

On the contact of disagreeable objects, thinking again and again for their removal is the first kind of sorrowful concentration.

विपरीतं मनोज्ञस्य ॥३१॥

[मनोज्ञस्य] मनोज्ञ पदार्थ सम्बन्धी **[विपरीतं]** उपरोक्त सूत्र में कहे हुए से विपरीत अर्थात् इष्ट-पदार्थ का वियोग होने पर उसके संयोग के लिये बारम्बार विचार करना सो 'इष्ट-वियोगज' नाम का आर्तध्यान है।

The contrary in the case of agreeable objects.

वेदनायाश्च ॥३२॥

[वेदनायाः च] रोगजनित पीड़ा होने पर उसे दूर करने के लिये बारम्बार चिन्तवन करना सो वेदनाजन्य आर्तध्यान है।

In the case of suffering from pain also.

निदानं च ॥३३॥

[निदानं च] भविष्यकाल सम्बन्धी विषयों की प्राप्ति में चित्त को तल्लीन कर देना सो निदानज आर्तध्यान है।

The wish for enjoyment also.

तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम् ॥३४॥

[तत्] वह आर्तध्यान **[अविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम्]** अविरत - पहले चार गुणस्थान, देशविरत - पाँचवां गुणस्थान और प्रमत्त संयत - छट्ठे गुणस्थान में होता है।

These occur in the case of laymen with and without small vows and non-vigilant ascetics.

हिंसाऽनृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः ॥३५॥

[हिंसाऽनृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यः] हिंसा, असत्य, चोरी और विषय-संरक्षण के भाव से उत्पन्न हुआ ध्यान **[रौद्रम्]** रौद्रध्यान है; यह ध्यान **[अविरतदेशविरतयोः]** अविरत और देशविरत (पहले से पाँच) गुणस्थानों में होता है।

Cruel concentration relating to injury, untruth, stealing, and safeguarding of possessions occurs in the case of laymen with and without partial vows.

आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यम् ॥३६॥

[आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय] आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय के लिये चिन्तवन करना सो **[धर्म्यम्]** धर्मध्यान है।

The contemplation of objects of revelation, misfortune or calamity, fruition of karmas, and the structure of the universe, is virtuous concentration.

शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ॥३७॥

[शुक्ले चाद्ये] पहले दो प्रकार के शुक्लध्यान अर्थात् पृथक्त्ववितर्क और एकत्ववितर्क - ये दो ध्यान भी **[पूर्वविदः]** पूर्वज्ञानधारी श्रुतकेवली के होते हैं।

The first two types of pure concentration are attained by the saints well-versed in the *pūrvas*.

परे केवलिनः ॥३८॥

[परे] शुक्लध्यान के अन्तिम दो भेद अर्थात् सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवर्ति ये दो ध्यान **[केवलिनः]** केवलि भगवान के होते हैं।

The last two arise in the omniscients.

पृथक्त्वैकत्ववितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरत-क्रियानिवर्तीनि ॥३९॥

[पृथक्त्वैकत्ववितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रिया-निवर्तीनि] पृथक्त्ववितर्क, एकत्ववितर्क, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवर्ति - ये शुक्लध्यान के चार भेद हैं।

(The four types of pure concentration are) that of different, scriptural, shifting, that of the single scriptural, that of subtle activity, and that of complete destruction of activity[1].

त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम् ॥४०॥

[त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम्] ऊपर कहे गये चार प्रकार के शुक्लध्यान अनुक्रम से तीन योग वाले, एक योग वाले, मात्र काययोग वाले और अयोगी जीवों के होते हैं।

Of three activities, one activity, bodily activity, and no activity.

एकाश्रये सवितर्कवीचारे पूर्वे ॥४१॥

[एकाश्रये] एक (-परिपूर्ण) श्रुतज्ञानी के आश्रय से रहने वाले **[पूर्वे]** शुक्लध्यान के पहले दो भेद **[सवितर्कवीचारे]** वितर्क और वीचार सहित हैं।

[1] *Pṛathaktvavitarka, ekatvavitarka, sūkşmakriyāpratipāti* and *vyuparatakriyānivarti* are the Sanskrit names of the four types of pure concentration.

The first two types are based on one substratum and are associated with scriptural knowledge and shifting.

अवीचारं द्वितीयम् ॥४२॥

[द्वितीयम्] ऊपर कहे गये शुक्लध्यानों में से दूसरा शुक्लध्यान **[अवीचारं]** वीचार से रहित है, किन्तु सवितर्क होता है।

The second type is free from shifting.

वितर्कः श्रुतम् ॥४३॥

[श्रुतम्] श्रुतज्ञान को **[वितर्कः]** वितर्क कहते हैं।

Vitarka is scriptural knowledge.

वीचारोऽर्थव्यञ्जनयोगसङ्क्रान्तिः ॥४४॥

[अर्थव्यञ्जनयोगसङ्क्रान्तिः] अर्थ, व्यञ्जन और योग का बदलना सो **[वीचारः]** वीचार है।

Vicāra is shifting with regard to objects, words and activities.

**सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानन्तवियोजकदर्शनमोह-
क्षपकोपशमकोपशान्तमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः
क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥४५॥**

[सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानन्तवियोजकदर्शनमोह-क्षपकोपशमकोपशान्तमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः] सम्यग्दृष्टि, पञ्चम गुणस्थानवर्ती श्रावक, विरत-मुनि, अनन्तानुबन्धी का विसंयोजन करने वाला, दर्शनमोह का क्षय करने वाला, उपशमश्रेणी मांडनेवाला, उपशान्तमोह, क्षपकश्रेणी मांडनेवाला, क्षीणमोह और जिन - इन सब के (अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त परिणामों की विशुद्धता की अधिकता से आयुकर्म को छोड़कर) प्रति समय **[क्रमशः असंख्येयगुणनिर्जराः]** क्रम से असंख्यातगुणी निर्जरा होती है।

The dissociation of karmas increases innumerable-fold from stage to stage in the ten stages of the right believer, the householder with partial vows, the ascetic with great vows, the separator of the passions leading to infinite births, the destroyer of faith-deluding karmas, the suppressor of conduct-deluding karmas, the saint with quiescent passions, the destroyer of delusion, the saint with destroyed delusion, and the spiritual victor (Jina).

पुलाकबकुशकुशीलनिर्ग्रन्थस्नातका निर्ग्रन्थाः ॥४६॥

[पुलाकबकुशकुशीलनिर्ग्रन्थस्नातका] पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातक - ये पाँच प्रकार के **[निर्ग्रन्थाः]** निर्ग्रन्थ हैं।

Pulāka, Bakuşa, Kuşīla, Nirgrantha, and *Snātaka* are the passionless saints.

संयमश्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिंगलेश्योपपादस्थानविकल्पतः साध्याः ॥४७॥

उपरोक्त मुनि **[संयमश्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिंगलेश्योपपाद-स्थानविकल्पतः]** संयम, श्रुत, प्रतिसेवना, तीर्थ, लिंग, लेश्या, उपपाद और स्थान - इन आठ अनुयोगों द्वारा **[साध्याः]** भेदरूप से साध्य हैं, अर्थात् इन आठ प्रकार से इन पुलाकादि मुनियों में विशेष भेद होते हैं।

They are fit to be described (differentiated) on the basis of differences in self-restraint, scriptural knowledge, transgression, the period of *Tīrthamkara,* the sign, the colouration, birth, and the state or condition.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे नवमोध्यायः ॥

* * *

अथ दशमोऽध्यायः

Liberation

मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ॥१॥

[मोहक्षयात्] मोह का क्षय होने से (अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त क्षीणकषाय नामक गुणस्थान प्राप्त करने के बाद) **[ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयात् च]** और ज्ञानावरण, दर्शनावरण तथा अन्तराय इन तीन कर्मों का एक साथ क्षय होने से **[केवलम्]** केवलज्ञान उत्पन्न होता है।

Omniscience (perfect knowledge) is attained on the destruction of deluding karmas, and on the destruction of knowledge- and perception-covering karmas and obstructive karmas.

बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः ॥२॥

[बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां] बन्ध के कारणों (मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग) का अभाव तथा निर्जरा के द्वारा **[कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः]** समस्त कर्मों का अत्यन्त नाश हो जाना सो मोक्ष है।

Owing to the absence of the cause of bondage and with the functioning of the dissociation of karmas,

the annihilation of all karmas is liberation[1].

[1] The reader's attention is drawn to the distinction between the two stages represented by the *'Arhat'* and the *'Siddha'*. The attainment of omniscience is described in the first sutra of this chapter, and the attainment of complete liberation in the second. Omniscience is attained on the destruction of the deluding, the knowledge-obscuring, the perception-obscuring and the obstructive karmas, in the order mentioned in the first sutra. As long as the deluding karmas are very powerful, spiritual progress is very slow if not impossible. In that condition the self is almost a slave to the karmic forces at work and is tossed to and fro in the ocean of transmigration. The secret of spiritual progress lies in the ascendancy acquired with great difficulty and effort by the self over the deluding karmas. Only then does the self become the master of evil and begin to succeed in overcoming evil. It is no doubt a tough fight between the self and evil, and there may be ups and downs in this long and arduous struggle. But the undaunted and unconquerable soul carries on the battle incessantly, gradually establishes ascendancy over the forces of evil, ultimately roots out evil with the help of pure concentration and becomes the Victor. This epic story of the struggles of the soul with the forces of evil may be read with absorbing interest in the several masterpieces of Jaina literature in Sanskrit, Tamil, Kannada and other Indian languages. These four – the deluding, knowledge-obscuring, perception-obscuring and obstructive karmas – are called destructive *(ghāti)* karmas, as these four main types of karmas interfere with the four infinitudes described in the fourth sutra, which are the essential characteristics of the soul. The other four main types are called non-destructive *(aghāti)* karmas, as these do not harm these four infinitudes. The self attaining omniscience becomes an *Arhat,* and the self attaining complete release a *Siddha*. There may be a longer or a shorter interval between the attainment of these two stages. That depends upon the lifetime still remaining on the manifestation of omniscience. And this may vary from soul to soul. Till the time of complete release, the *Arhat* is associated with the body. When the other four types of karmas are entirely destroyed, the released pure soul *(Siddha)* goes up to the summit of the universe and dwells there in eternal bliss.

औपशमिकादिभव्यत्वानां च ॥३॥

[च] और **[औपशमिकादि भव्यत्वानां]** औपशमिकादि भावों का तथा पारिणामिक भावों में से भव्यत्व भाव का मुक्त जीव के अभाव होता है - हो जाता है।

(Emancipation is attained) on the destruction of psychic factors also like quietism and potentiality.

अन्यत्रकेवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः ॥४॥

[केवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः अन्यत्र] केवलसम्यक्त्व, केवलज्ञान, केवलदर्शन और सिद्धत्व, इन भावों के अतिरिक्त अन्य भावों के अभाव से मोक्ष होता है।

Other than infinite faith, infinite knowledge, infinite perception, and infinite perfection.

तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छत्यालोकान्तात् ॥५॥

[तदनन्तरम्] तुरन्त ही **[ऊर्ध्वं आलोकान्तात् गच्छति]** ऊर्ध्वगमन करके लोक के अग्रभाग तक जाता है।

Immediately after that the soul darts up to the end of the universe.

पूर्वप्रयोगादसंगत्वाद्बन्धच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च ॥६॥

[पूर्वप्रयोगात्] 1- पूर्व प्रयोग से, **[असंगत्वात्]** 2- संग रहित होने से, **[बन्धच्छेदात्]** 3- बन्ध का नाश होने से, **[तथागतिपरिणामात् च]** और 4- तथागति परिणाम अर्थात् ऊर्ध्वगमन स्वभाव होने से मुक्त जीव के ऊर्ध्वगमन होता है।

As the soul is previously impelled, as it is free from ties or attachment, as the bondage has been snapped, and as it is of the nature of darting upwards.

आविद्धकुलालचक्रवद्व्यपगतलेपालाबुवदेरण्डबीज-वदग्निशिखावच्च ॥७॥

मुक्त जीव **[आविद्धकुलालचक्रवत्]** 1- कुम्हार द्वारा घुमाये हुए चाक की तरह पूर्व प्रयोग से, **[व्यपगत-लेपालाबुवत्]** 2- लेप दूर हो चुका है जिसका ऐसी तूम्बे की तरह संग रहित होने से, **[एरण्डबीजवत्]** 3- एरण्ड के बीज की तरह बन्धन रहित होने से **[च]** और **[अग्नि-शिखावत्]** 4- अग्नि की शिखा (लौ) की तरह ऊर्ध्वगमन स्वभाव से - ऊर्ध्वगमन (ऊपर को गमन) करता है।

Like the potter's wheel, the gourd devoid of mud, the shell of the castor-seed, and the flame of the candle.

धर्मास्तिकायाभावात् ॥८॥

[धर्मास्तिकायाभावात्] आगे (अलोक में) धर्मास्तिकाय का अभाव है अतः मुक्त जीव लोक के अन्त तक ही जाता है।

As there is no medium of motion.

क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधित-
ज्ञानावगाहनान्तरसंख्याल्पबहुत्वतः साध्याः ॥९॥

[क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधित-ज्ञानावगाहनान्तरसंख्याल्पबहुत्वतः] क्षेत्र, काल, गति, लिंग, तीर्थ, चारित्र, प्रत्येकबुद्धबोधित, ज्ञान, अवगाहना, अन्तर, संख्या और अल्पबहुत्व - इन बारह अनुयोगों से **[साध्याः]** मुक्त जीवों (सिद्धों) में भी भेद सिद्ध किये जा सकते हैं।

The emancipated souls can be differentiated with reference to the region, time, state, sign, type of *Arhat,* conduct, self-enlightenment, enlightened by others, knowledge, stature, interval, number, and numerical comparison.

॥ इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे दशमोऽध्यायः ॥

* * *

कोटिशतं द्वादश चैव कोट्यो लक्षाण्यशीतिस्त्र्यधिकानि चैव।
पंचाशदष्टौ च सहस्त्रसंख्यामेतद्श्रुतं पञ्चपदं नमामि ॥

अरहंतभासियत्थं गणहरदेवेहिं गंथियं सव्वं।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोवयं सिरसा॥

अक्षरमात्रपदस्वरहीनं, व्यञ्जनसन्धिविवर्जितरेफम्।
साधुभिरत्रमम् क्षमितव्यं, को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे।

दशाऽध्याये परिच्छिन्ने, तत्त्वार्थे पठिते सति।
फलं स्यादुपवासस्य, भाषितं मुनिपुङ्गवैः॥

तत्त्वार्थसूत्रकर्त्तारं, गृद्धपिच्छोपलक्षितम्।
वन्दे गणीन्द्रसंजातमुमास्वामिमुनीश्वरम्॥

जं सक्कई तं कीरइ, जं च ण सक्कई तहेव सद्दहणं।
सद्दहमाणो जीवो, पावइ अजरामरं ठाणं॥

तवयरणं वयधरणं संजमसरणं च जीवदयाकरणम्।
अंते समाहिमरणं चउविह दुक्खं णिवारेई॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रापरनामतत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रं समाप्तम् ॥

* * *

EPILOGUE

It would be most appropriate to give here an excerpt from *Reality*, the English translation of Āchārya Pujyapāda's *'Sarvārtha-siddhi'* – a commentary on Āchārya Umāsvami's *'Tattvārthādhi-gama Sūtra'* (p. 290):

> "This exposition of ultimate reality, the essence of the supreme and immortal teachings of Lord Jina, called *Sarvārthasiddhi* by the learned, deserves to be contemplated incessantly by the venerable, seeking celestial happiness and eternal bliss.
>
> Those who listen to and study with devotion this great commentary, describing the true nature of reality, have in their palms the final beatitude of supreme attainment. What, then, is there to be said about the happiness of the lords of men and of devas![1]
>
> I bow with great devotion to Lord Mahavira, who has expounded the entire reality with his infinite knowledge in an indisputable manner, who is endowed with supreme attributes, and who is worshipped by human beings and devas."

[1] The idea is that it is considerably easy to secure these ephemeral goals rather than the ultimate goal of the ambrosial happiness of supreme bliss.

INDEX (HINDI)

Index (Hindi)

* * *

INDEX (ENGLISH)

* * *

ACKNOWLEDGMENT

The following individuals have graciously ordered, at the pre-print stage, the copies of the book as mentioned against their names:

1. Mrs. Manju Jain — 50 copies
   B-13, MDDA Colony,
   Dehradun-248001

(In fond memory of her parents Late Shri Sumer Chand Jain and Late Smt. Sumran Mala Jain)

2. Mrs. Sonal & Mr. Raghav,
   Tanisha and Kushagra — 30 copies
   64-A, Subhash Road,
   Dehradun-248001

3. Mrs. Malika & Mr. Kishore — 30 copies
   29 Rajpur Road,
   Dehradun-248001

(In memory of Malika's Buaji, Late Ms. Mira Jain, whose life was an embodiment of celibacy and austerity.

"...All my blessings to this great work, which is deep in thought and simple in expression."

– Āchārya 108 Vidyanandji Muniraj

"The *Tattvārthsūtra* is regarded as the most authoritative book on Jainism, and the only text authoritative in both *Svetambara* and *Digambara* sects of Jainism..."

– From Wikipedia, the free encyclopedia

ISBN 81-903639-2-1

Rs.: 250/-

विकल्प

Vikalp Printers
Publishing Section
E-mail: vikalp_printers@rediffmail.com